सतना
10 जुलाई 2025 गुरुवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



एशियाई चैंपियनशिप ...
@ पेज 7

# पुरी जगन्नाथ मंदिर में चार युवकों के अनधिकृत रूप से हुये दाखिल



**पुरी (एजेंसी)।** पुरी जगन्नाथ मंदिर में चार युवकों के अनधिकृत रूप से दाखिल होने की खबर से एक बड़ी सुरक्षा चूक सामने आई है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (स्छ्ज्ञ) ने 12वीं सदी के विश्व प्रसिद्ध मंदिर की सुरक्षा में सेंध लगाकर चार लोगों द्वारा बाहरी दीवार फांदकर

### ● पुरी के जगन्नाथ मंदिर की सुरक्षा में बड़ी चूक

भीतर जाने की कोशिश करने के मामले में जांच के लिए बुधवार को समिति गठित की। पुरी जिला कलेक्टर चंचल राणा ने बताया कि एसजेटीए के मुख्य प्रशासक ने मामले की जांच के लिए प्रशासक (सुरक्षा) की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। यह फैसला सोशल मीडिया पर चार लोगों द्वारा 'मेघनाद पचेरी'



(बाहरी चारदीवारी) के पास कूड़े के ढेर पर चढ़ने का वीडियो वायरल होने के बाद किया गया। राणा ने स्वीकार किया कि ''सुरक्षा में चूक हुई है।'' उन्होंने कहा कि समिति सुरक्षा में चूक की जांच करेगी। कलेक्टर ने कहा, ''सुरक्षा में सेंध लगाकर दीवार फांदने वालों की पहचान की जा रही है और इस घटना में जवाबदेही तय की जाएगी। इसके बाद कार्रवाई भी की जाएगी।'' राणा ने कहा कि जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी तथा ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों की पहचान की जाएगी।

घटना मंगलवार की है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब श्रीमंदिर में चार एंट्री द्वार हैं, तो ये युवक दीवार कूद कर श्रीमंदिर में क्यों घुसे?

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि 4 अज्ञात लोगों ने दीवार के पास जमा कूड़े के एक बड़े ढेर को सहारा बनाकर बाहरी दीवार फांदकर मंदिर में अनधिकृत प्रवेश किया। यह घटना मंगलवार को हुई, जबकि वार्षिक रथ यात्रा और नीलाद्रि बिजे अनुष्ठान के दौरान और उसके बाद व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। एक सेवादार बिश्वनाथ खुंटिया ने बताया कि उन्होंने कई लोगों को कूड़े के ढेर पर चढ़कर मंदिर परिसर में दाखिल होते देखा है। खुंटिया ने बताया, '' मंदिरों में अनधिकृत रूप से दाखिल होने वालों की संख्या चार नहीं, सैकड़ों होगी।''

श्रद्धालुओं ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की और 12वीं शताब्दी के इस मंदिर की सुरक्षा के लिए,ढ्ढ-लैस कैमरों की उपयोगिता पर सवाल उठाए। एक अधिकारी ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने ओडिशा पुलिस को पुरी मंदिर के आतंकवादियों के निशाने पर होने की चेतावनी दी है। मंदिर प्रबंध समिति के पूर्व सदस्य और प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने कहा, ''यह हतप्रभ करने वाला है कि रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा बलों की भारी तैनाती के बावजूद, किसी ने उन्हें दीवार फांदकर परिसर में दाखिल होते नहीं देखा। यह सुरक्षा एजेंसियों की ओर से स्पष्ट चूक का मामला है।''

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल-चीन सीमा पर बाढ़ के कारण मच गई तबाही

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल के रसुवा जिले में मानसून की बारिश के कारण एक नदी में बाढ़ आ जाने से कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई तथा 19 अन्य लापता हो गए। साथ ही बाढ़ के कारण देश को चीन से जोड़ने वाला ''फ्रेंडशिप ब्रिज'' बह गया है। चीन में सोमवार रात को मूसलाधार मानसूनी बरसात के कारण नेपाल में भोटेकोशी नदी में बाढ़ आ गई थी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) के महानिदेशक दिनेश भट्ट ने संवाददाताओं से कहा, ÷अब तक 9 लोगों की मौत हो गई है, एक व्यक्ति घायल हुआ है, 19 लोग लापता हैं और 57 लोगों को बचा लिया



गया है। नेपाल सरकार ने बाढ़ में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। लापता लोगों में चीन के छह नागरिक और तीन पुलिसकर्मी शामिल हैं। भट्ट ने बताया कि काठमांडू से 120 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में रसुवा जिले के कुछ हिस्सों में मंगलवार को आई अचानक बाढ़ ने मितेरी पुल, रसुवागढ़ी जलविद्युत संयंत्र और नेपाल-चीन सीमा के पास स्थित 'ड्राई पोर्ट' के कुछ हिस्सों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। मंगलवार तड़के करीब सवा तीन बजे आई बाढ़ में मितेरी पुल बह गया। नदी में आई बाढ़ में 23 मालवाहक कंटेनर, छह मालवाहक ट्रक और 35 इलेक्ट्रिक वाहन भी बह गए। बाढ़ ने जिले की चार जलविद्युत परियोजनाओं को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड को कम से कम 211 मेगावाट बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

### सुरक्षित नहीं ट्रंप, घर में हो सकता है अटैक

**बीजिंग (एजेंसी)।** इजरायल और ईरान के बीच हुई जंग में अमेरिका ने खुलकर इजरायल का साथ दिया था। इजरायल के साथ-साथ अमेरिका ने भी ईरान के परमाणु संयंत्रों पर बमबारी की थी। अमेरिका



की ओर से किए गए हमलों के बाद ईरान बौखलाया हुआ है। अब ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को खुली धमकी दे डाली है। ईरानी अधिकारी ने चेतावनी दी है कि डोनाल्ड ट्रंप अब अपने फ्लोरिडा वाले घर, मार-ए-लागो में सुरक्षित नहीं हैं। अधिकारी ने धमकी भरे लहजे में कहा कि उन्हें (ट्रंप को) धूप सेंकते समय भी निशाना बनाया जा सकता है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के करीबी सलाहकार और एक बड़े राजनीतिक शख्स जावेद लारीजानी ने एक टेलीविजन इंटरव्यू में कहा कि ट्रंप के कार्यो ने उन्हें निशाने पर ला दिया है। इंटरव्यू के दौरन ईरानी अधिकारी जावेद लारिजानी ने कहा, ÷ट्रंप ने कुछ ऐसा कर दिया है कि अब वो अपने आवास में धूप भी नहीं सेंक सकते हैं। जब वो पेट के बल धूप में लेटे होंगे, तो कोई छोटा ड्रोन उनकी नाभि पर आ कर लग सकता है। यह बहुत आसान है।÷ उन्होंने कहा कि धूप में लेटे अमेरिकी राष्ट्रपति पर एक छोटे ड्रोन का हमला करना आसान होगा। गौर करने वाली बात यह है कि, लारिजानी का यह बयान एक क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म के लॉन्च होने के बाद आया है, जिसमें ट्रंप पर इनाम की घोषणा की गई है। ब्लड पैक्ट या फारसी में अहदे खून नाम के इस प्लेटफॉर्म को ÷सर्वोच्च नेता अली खामेनेई का मजाक उड़ाने और उन्हें धमकी देने वालों के खिलाफ प्रतिशोध÷ के लिए बनाया गया था।

## पार्टी मनाने गया युवक दोस्तों के सामने डैम में डूबा



**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कलियासोत डैम में दोस्तों के साथ पार्टी करने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। डैम में नहाने के दौरान युवक पानी में डबू गया। इस हृदय विदारक घटना का एक लाइव वीडियो भी सामने आया है। युवक की पहचान 22 वर्षीय वेंकटेश विशाल नायडू के रूप में हुई है। दोस्तों ने विशाल के डूबने का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड किया था। जानकारी के अनुसार, विशाल नायडू अपने दोस्तों के साथ कलियासोत डैम पर पिकनिक मनाने और पार्टी करने गया था। नहाने के दौरान यह हादसा हुआ। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि विशाल, जो तैरना जानता था, शुरुआत में आसानी से तैर रहा था। हालांकि, वापस आते समय उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। वीडियो में उसके दोस्त को यह कहते हुए सुना जा सकता है, ÷ध्यान रख उनका, उनकी सांस फूल रही है।÷ देखते ही देखते विशाल पानी में डूब गया। विशाल को डूबता देख घबराए दोस्तों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद विशाल के शव को डैम से बाहर निकाला।

### वॉशरूम में खून के धब्बे देख स्कूल ने छात्राओं से की गंदी हरकत

## पीरियड्स चेक के नाम पर जबरन उतरवाए कपड़े

**ठाणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के शाहपुर स्थित आरएस दमानी स्कूल में बच्चियों के साथ जो कुछ हुआ है, उसे सुनकर आपका सिर शर्म से झुक जाएगा। इस घटना के बाद छात्राएं सदमे में हैं। उनके नाराज पेरेंट्स ने प्रिंसिपल को गिरफ्तार करने की मांग कर डाली है। यह घटना मंगलवार को ठाणे के शाहपुर जिले के आरएस दमानी स्कूल में हुई। यहां कक्षा 5 से 10 तक की छात्राओं को शिक्षकों द्वारा जबरन कपड़े उतरवाकर जांच की गई, क्योंकि स्कूल के बाथरूम में खून के निशान पाए गए थे। स्कूल प्रशासन को इस बात का शक था कि कहीं फर्श माहवारी या पीरियड्स की वजह से गंदा तो नहीं हो गया। छात्राओं से उनके पीरियड के बारे में पूछा गया। सूत्रों के अनुसार, कुछ छात्राओं को अपनी अंडरवियर तक उतारने को मजबूर किया गया ताकि यह जांचा जा सके कि खून किसकी वजह से था।

पेरेंट्स का आरोप है कि मासिक धर्म के संदेह में कुछ छात्राओं के अंडरगारमेंट्स तक उतरवाकर उनकी जांच की गई। छात्राओं की



उम्र करीब 14 से 15 साल है। यह घटना छात्राओं के लिए मानसिक आघात बन गई। एक अभिभावक ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, ÷छात्राओं को मासिक धर्म की प्राकृतिक प्रक्रिया के बारे में उचित शिक्षा देने के बजाय, प्रिंसिपल ने उन पर मानसिक दबाव डाला। यह एक शर्मनाक और घृणित कृत्य है।

यह मामला सामने आने के बाद स्कूल प्रबंधन के खिलाफ पेरेंट्स में भारी गुस्सा है। पुलिस ने प्रिंसिपल, दो ट्रस्टियों, चार शिक्षकों और एक सफाई कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मां ने ही ली थी दुधमुंहे बच्चे की जान,

**रीवा (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले के मनगवां थाना क्षेत्र से दिल को झकझोर देने वाली एक घिनौनी वरदात सामने आई है। यहां ढाई महीने के एक बच्चे की रहस्यमई मौत के मामले में ढाई साल बाद उसके कातिल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि मासूम बच्चे की कातिल कोई और नहीं बल्कि उसकी बेरहम मां है। आरोप है कि ढाई साल पहले रात में सो रहा बच्चा अचानक से जाग गया और रोने लगा। मां ने बच्चे को दूध पिलाया इसके बाद भी जब बच्चा शांत नहीं हुआ तो बेरहम मां ने अपने हाथों से उसका मुंह दबाकर दम घोंटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद जुर्म से बचने के लिए कातिल मां ने मनगढंत कहानी रच कर ढाई साल तक परिजनों को गुमराह किया। दरअसल, मासूम बेटे के खूनी खेल का यह मामला मनगवां थाना क्षेत्र की है। 6 जनवरी 2023 की रात ढाई महीने का मासूम धैर्य गुप्ता अपनी मां प्रिया गुप्ता के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान रात तकरीबन 3 बजे बच्चा जाग गया और रोने लगा। मां ने बच्चे को दूध पिलाया लेकिन वह शांत नहीं हुआ। बच्चे को चुप करा रही मां गुस्से से तमतमा गई और उसने अपने हाथों से अपने बच्चे का मुंह तब तक दबाए रखा जब तक उसका दम नहीं घुट गया। कुछ देर बाद जब बच्चे की दम घुटने से मौत हो गई, इसके बाद जुर्म से बचने के लिए उसने परिजनों को एक अलग ही कहानी बयां की।

## सड़क निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे थे इंजीनियर, ट्रक समेत धंस गई सड़क

### जान बचाकर भागे लोग

**बीड (एजेंसी)।** इंजीनियर साहब अपने पूरे दस्ते के साथ सड़क की मरम्मत का जायजा लेने पहुंचे थे लेकिन इसी बीच कुछ ऐसा हुआ कि उनके पूरे अमले को जान बचाकर भागना पड़ा। जी हां, यह घटना है बीड के वडवणी तालुका के पास की जहां खडकी गांव में सड़क के नवीनीकरण का काम हो रहा है। अचानक सड़क से गुजर रहा ट्रक सड़क धंसने के साथ पलट गया। इसके बाद वहां भगदड़ मच गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, बीड जिले के वडवणी तालुका के खडकी गांव में सड़क निर्माण का काम चल रहा है। इसी निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे इंजीनियर और उनके अमले के सामने ही एक ट्रक नीचे गिर गया। इस दुर्घटना में इंजीनियर समेत निरीक्षण करने वाले लोग बाल-बाल बच गए। इस सड़क को लेकर कुछ दिन पहले छात्रों ने सीधे मुख्यमंत्री ग्राम सड़क विभाग के कार्यालय जाकर यह मांग की थी कि पुल के काम के चलते उन्हें आने-जाने में दिक्कत हो रही है इसलिए उन्हें वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध कराया जाए। छात्रों की इस मांग के बाद इंजीनियर अपने दस्ते के साथ सड़क मरम्मत वाली जगह का जायजा लेने पहुंचे। अचानक सड़क में धंस कर पलट गया ट्रक

इसके बाद आज जब इंजीनियर अपने दस्ते के साथ



मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। पूरा दस्ता अभी मौके पर निरीक्षण कर रही रहा था उसी समय एक ट्रक वहां से गुजरने लगा। निरीक्षण स्थल पर पुलिया का भी निर्माण हो रहा था। इसी बीच ट्रक जैसे ही उस जगह पर पहुंचा जहां इंजीनियर अपने दस्ते के साथ निरीक्षण कर रहे थे, अचानक सड़क के साथ नीचे धंसने लगा। देखते ही देखते यह ट्रक सड़क के साथ नीचे धंसने के साथ ही पलट गया।

ट्रक को सड़क के साथ धंसते देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई और वहां मौजूद इंजीनियर और अन्य कर्मचारी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोग तो बगल के पानी भरे गड्ढे में कूद पड़े।

## फिल्म उदयपुर फाइल्स पर प्रतिबंध की मांग

### मौलाना महमूद असद मदनी के निर्देश पर मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फिल्म उदयपुर फाइल्स को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। अब इस पर बैन लगाने की मांग को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी के निर्देश और दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम मौलाना अबुल कासिम नोमानी की सलाह पर, जमीअत उलमा तमिलनाडु ने इस फिल्म के रिलीज पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर यह याचिका दाखिल की है। इस याचिका का क्रमांक 105184/2025 है।

याचिकाकर्ता को ओर से अदालत से अनुरोध किया गया है कि वह राज्य सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को निर्देश दे कि फिल्म की रिलीज को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए और इसकी विषयवस्तु की कानूनी दायरे के भीतर पुनः समीक्षा कर आवश्यक संशोधन किए जाएं। याचिकाकर्ता ने आशंका जताई है कि फिल्म की विषयवस्तु अत्यधिक भड़काऊ और घृणास्पद है, जो देश में सांप्रदायिक सद्भाव




को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। ट्रेलर और मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, फिल्म में एक संवेदनशील सांप्रदायिक घटना को सनसनीखेज तरीके से प्रस्तुत किया गया है और मुसलमानों को एक कट्टरपंथी, निर्दयी और आतंकवाद से जुड़े समुदाय के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

याचिका में कहा गया है कि इसका सबसे दुखद पहलू यह है कि फिल्म के ट्रेलर में दारुल उलूम देवबंद जैसे प्रतिष्ठित धार्मिक संस्थान को निशाना बनाया गया है। ÷सर तन से जुदा÷ के नारे को सीधे देवबंद से जोड़ते हुए, एक ऐसे व्यक्ति का चित्रण किया गया है जो दारुल उलूम के एक प्रमुख जिम्मेदार से मिलता-जुलता है, जो केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि मुस्लिम समुदाय के एक शैक्षणिक और आध्यात्मिक केंद्र पर गंभीर हमला है। फिल्म का सबसे आपत्तिजनक पहलू यह है कि भाजपा की एक पूर्व प्रवक्ता द्वारा पैगंबर मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की शान में उस आपत्तिजनक बयान को शामिल किया गया है, जिस पर वैश्विक पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए और उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया।

## यूपी के सीएम योगी का हंसता मुस्कुराता चेहरा देखा क्या?

### सेल्फी लेते हुए दिया पोज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने %एक पेड़ मां के नाम% पहल के तहत पौधे लगाए और गोरखपुर में %वृक्षारोपण महाभियान-2025% कार्यक्रम में अधिकारियों और भाजपा सांसद रवि किशन के साथ सेल्फी भी ली। सीएम योगी ने सेल्फी लेने के दौरान एक से बढ़कर एक पोज दिए। इस दौरान वे काफी खुश नजर आ रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में %वृक्षारोपण महाभियान-2025% कार्यक्रम में %एक पेड़ मां के नाम% पहल के तहत पौधे लगाए।

सीएम योगी ने कहा कि वृक्षारोपण सिर्फ पर्यावरणीय दायित्व नहीं बल्कि भविष्य को सुरक्षित करने का एक अभियान है। उन्होंने बताया कि 2025 के महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए इस बार प्रदेश में 37 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा



गया है, जिनमें से बड़ी संख्या में पौधे एक ही दिन में लगाए जा रहे हैं। योगी ने कहा आज उत्तर प्रदेश के नाम से एक नई चमक मिलती है। कभी प्रदेश को अपराध, अराजकता और जंगलराज के नाम से जाना जाता था, लेकिन आज पर्यावरण, कानून-व्यवस्था और विकास के मॉडल के रूप में जाना जाता है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के नौजवानों को अब पहचान के संकट से नहीं जूझना पड़ता। पहले यूपी के युवाओं को उनके राज्य के नाम पर उपेक्षित किया जाता था, लेकिन अब वे गर्व से कहते हैं कि वे उत्तर प्रदेश से हैं।÷ सीएम ने कहा कि पहले राज्य में जंगलों की कटाई खुलेआम होती थी और प्रदेश में वन माफियाओं का बोलबाला था। ये माफिया गरीबों की जमीनें कब्जाते थे, जंगल काटते थे। हमने इन पर नकेल कसी और वन क्षेत्र को तेजी से बढ़ाया है। ये काम जारी रहेगा।

सीएम ने कहा कि हमने न सिर्फ गांवों को सड़कों से जोड़ा, बल्कि शहरों को आधुनिक बनाया। आज प्रदेश के नगर निकायों में लाखों एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं, जिससे बिजली की बचत हो रही है और शहर रोशन हो रहे हैं।

## इंदौर में 48 घंटों के भीतर 3 महिलाओं की कोरोना से मौत

**इंदौर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई तीन महिलाओं की रविवार और सोमवार के बीच 48 घंटों के भीतर मौत हो गई। उन्हें पहले से ही अन्य बीमारियां भी थीं। इसके बाद स्थानीय स्वास्थ्य विभाग पहले से और ज्यादा अलर्ट हो गया। स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरूद्ब्र) डॉक्टर माधव प्रसाद हासानी ने कहा कि कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद 64 वर्षीय महिला और 55 वर्षीय महिला ने छह जुलाई (रविवार) को दम तोड़ा, जबकि 50 वर्षीय महिला की मौत सात जुलाई (सोमवार) को हुई। उन्होंने कहा, %तीनों महिलाएं अलग-अलग बीमारियों से पहले ही जूझ रही थीं,



जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता घट चुकी थी। इनमें रक्त कैंसर, टीबी, मधुमेह और थायरॉयड जैसी बीमारियां शामिल हैं। सीएमएचओ ने कहा कि कोविड-19 को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है। इस महामारी के इक्का-दुक्का मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, %फिलहाल जिले में कोरोना के केवल सात मरीज उपचाराधीन हैं। मंगलवार को हमें इस महामारी का एक भी मरीज नहीं मिला।%

# विचार

## जनसंख्या वृद्धि से महंगाई बढ़ेगी

जनसंख्या वृद्धि से तात्पर्य किसी विशेष क्षेत्र में व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि से है, और यह हाल के दशकों में दुनिया के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक रहा है। जैसे-जैसे मानव आबादी बढ़ती जा रही है, भोजन, पानी और ऊर्जा की मांग भी बढ़ती जा रही है। जनसंख्या में यह तीव्र वृद्धि प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव से लेकर पर्यावरणीय क्षरण तक कई चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है। हम जनसंख्या की घातीय वृद्धि में योगदान करने वाले कारकों, ग्रह पर इस वृद्धि के प्रभावों और इस लगातार बढ़ती समस्या को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक समाधानों की खोज करके जनसंख्या वृद्धि पर कुछ निबंधों पर चर्चा करेंगे। सभी के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि के परिणामों को समझना महत्वपूर्ण है।दुनिया के सामने आने वाली प्रमुख समस्याओं में से एक जनसंख्या की घातीय वृद्धि की समस्या है। यह समस्या सबसे बड़ी है। दुनिया के अधिकांश देशों में जनसंख्या के आंकड़ों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। दुनिया के संसाधन सीमित हैं और इसलिए वे एक निश्चित सीमा से ज़्यादा आबादी का भरण-पोषण नहीं कर सकते। दुनिया भर में खाद्यान्न की कमी और नौकरियों की कमी की खबरें आती रही हैं। मनुष्यों की संख्या स्थिर दर से बढ़ रही है। दुनिया की आबादी पहले ही छह अरब का आंकड़ा पार कर चुकी है और अगले तीन या चार दशकों में इसके दोगुना होने की उम्मीद है।अगर जनसंख्या इसी दर से बढ़ती रही तो अधिक आबादी वाले देशों की अर्थव्यवस्था जनसंख्या वृद्धि का सामना करने में असमर्थ हो जाएगी। सभी के दरवाज़े पर शांति, आराम और कल्याण लाने की हर कोशिश नाकाम हो जाएगी और अगर जनसंख्या को उचित सीमा में नहीं रखा गया तो दुख प्रमुख हो जाएगा। कुछ देशों को छोड़कर, सभी देश जनसंख्या वृद्धि का सामना कर रहे हैं। वर्तमान में, दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन है और भारत दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है। भारत दुनिया की 17त्न आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। बांग्लादेश, जापान, इंडोनेशिया और यूरोप के कुछ देशों जैसे अन्य देशों में जनसंख्या विस्फोट का ख़तरा है। वर्तमान में, दुनिया की आबादी खतरनाक दर से बढ़ रही है, जिससे कई चुनौतियाँ पैदा हो रही हैं। अभी तक, वैश्विक जनसंख्या लगभग 7.6 बिलियन है और 2025 तक 8 बिलियन से अधिक होने की उम्मीद है। यह तीव्र वृद्धि पृथ्वी के संसाधनों पर अत्यधिक दबाव डालती है, क्योंकि ग्रह भोजन, पानी, आवास और नौकरियों की माँगों को पूरा करने के लिए संघर्ष करता है। अधिक जनसंख्या के कारण संसाधनों की कमी, पर्यावरण क्षरण और गरीबी के स्तर में वृद्धि हो सकती है, साथ ही पारिस्थितिकी तंत्र पर भी दबाव पड़ सकता है।उच्च जन्म दर, परिवार नियोजन तक अपर्याप्त पहुँच, प्रवास और गरीबी जैसे कारक इस समस्या में योगदान करते हैं। बढ़ती जनसंख्या के कारण वनों की कटाई, जैव विविधता का ह्रास और प्रदूषण में वृद्धि होती है, जिससे जलवायु परिवर्तन और भी बदतर हो जाता है। इसे संबोधित करने के लिए, राष्ट्रों को परिवार नियोजन, शिक्षा और संधारणीय प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। केवल प्रभावी रणनीतियों को अपनाकर ही हम आने वाली पीढ़ियों और ग्रह के लिए एक स्थिर, स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।जनसंख्या वृद्धि से तात्पर्य किसी निश्चित अवधि में किसी विशिष्ट क्षेत्र में रहने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि से है। दुनिया की आबादी खतरनाक दर से बढ़ रही है, जो वर्तमान में 7.6 बिलियन के करीब है, और 2025 तक इसके 8 बिलियन को पार करने की उम्मीद है। यह घातीय वृद्धि ग्रह के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करती है, क्योंकि पृथ्वी के संसाधन सीमित हैं और लगातार बढ़ती आबादी को अनिश्चित काल तक सहारा नहीं दे सकते।तेजी से बढ़ती जनसंख्या की मुख्य चिंताओं में से एक यह है कि यह प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव डालती है। अधिक जनसंख्या के कारण अधिक खेती, वनों की कटाई और अत्यधिक पानी की खपत होती है, जिससे पर्यावरण का क्षरण होता है। अधिक लोगों को भोजन, पानी और आश्रय की आवश्यकता होने के कारण, भूमि और पारिस्थितिकी तंत्र पर दबाव बढ़ता है, जिससे आवश्यक संसाधनों का ह्रास होता है।

# न्यायालय में निर्णायक मोड़ लेता श्रीकृष्ण जन्मभूमि मसला

**ललित गर्ग**

**मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर में स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को 'विवादित संरचना' घोषित करने की हिंदू पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में अदालती रिकॉर्ड और आगे की सभी कार्यवाहियों में मस्जिद को आधिकारिक रूप से विवादित स्थल के रूप में दर्ज करने की मांग की गई थी। अदालत ने मौखिक रूप से याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस संबंध में हिंदू पक्ष द्वारा दायर आवेदन को इस चरण में खारिज किया जा रहा है। इस फैसले को लंबे समय से चली आ रही कानूनी लड़ाई में मुस्लिम पक्षकार भले ही राहतकारी माने, लेकिन न्यायिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक अस्मिता के संघर्ष में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह भूमि विवाद पर जो भी फैसला अंतिम रूप से आएगा, वह बहुत प्रभावी होगा, न्यायसंगत होगा। अतः ऐसे किसी पुता फैसले तक पहुंचते हुए पूरी सावधानी एवं धैर्य से आगे बढ़ना चाहिए। इस फैसले से इस विवाद में एक नया रुख सामने आया है, जो महत्वपूर्ण और विचारणीय है।**



याचिका में यह मांग की 'शाही ईदगाह मस्जिद' शब्द की जगह 'विवादित ढांचा' शब्द का इस्तेमाल किया जाए, अगर यह शाब्दिक बदलाव किया जाता, तो एक तरह से यह इस विवाद पर निर्णायक फैसले जैसा होता। जिससे अनावश्यक विवाद या अड़चन की संभावनाएं पनपती। यह विवाद राजनीति मोड़ भी ले सकता था, निश्चित ही अगर राजनीति होगी, तो अंतिम फैसले में अनावश्यक रूप से समय लगेगा। साथ ही, अशांति की आशंका भी बढ़ेगी। इसलिये अदालत के फैसले को सकारात्मक नजरिये से देखा जाना चाहिए। नए नामकरण की यह कोशिश उच्च न्यायालय में अगर नाकाम हुई है, तो कोई अचरज नहीं, ना ही किसी पक्ष की जीत और किसी पक्ष की हार है। इतने संवेदनशील मसले में यह नामकरण पूरे मुकदमे को प्रभावित करता, अतः अदालत ने समझदारीपूर्ण सही फैसला किया है। 'श्रीकृष्ण जन्मभूमि' का स्थान न केवल करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है, बल्कि भारतीय संस्कृति और इतिहास का अमिट प्रतीक भी है। परंतु, इसी पवित्र स्थल पर स्थित शाही ईदगाह मस्जिद के साथ एक लंबे समय से विवाद चला आ रहा है जो अब न्यायालय की चौखट पर निर्णायक मोड़ लेता दिखाई दे रहा है।

जन्मभूमि पक्ष के याचिकाकर्ताओं का यह दावा है कि शाही ईदगाह मस्जिद भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान पर स्थित है, अतः जन्मभूमि पक्ष को भूमि पर कब्जा दिया जाए। मस्जिद के ढांचे को हटाया जाए, मूल मंदिर का निर्माण हो, वहां मुस्लिम मजहबी गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। इन्हीं मांगों के साथ जन्मभूमि पक्ष की ओर से करीब 18 मुकदमे दायर हैं। इनकी सुनवाई यथावत जारी रहेगी। नामकरण संबंधी आवेदन के खारिज होने का कोई असर मूल मुकदमों पर नहीं पड़ेगा। अब दोनों ही पक्षों को पूरे संयम का परिचय देना चाहिए। अदालत का ताजा रुख न किसी के लिए बड़ी हार है और न किसी के लिए बड़ी जीत। महत्वपूर्ण बात यह है कि जन्मभूमि के पक्ष में दायर याचिकाओं को अदालत ने सुनने लायक माना है। पहले इन याचिकाओं को ईदगाह पक्ष ने चुनौती दी थी, पर अदालत ने चुनौतियों को खारिज कर दिया था। पिछले वर्ष 1 अगस्त को उच्च न्यायालय ने वक्फ अधिनियम, पूजा स्थल अधिनियम, 1991 और अन्य कानूनों के आधार पर ईदगाह पक्ष की आपत्तियों को खारिज करते हुए जन्मभूमि पक्ष द्वारा दायर याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना था। अब जब सुनवाई आगे बढ़ गई है, तब ऐसी सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुस्लिम कब्जे से मुक्त हो और वहां मन्दिर के निर्माण का स्वप्न आकार ले।

हिंदू याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि मस्जिद की दीवारों पर हिंदू देवी-देवताओं के प्रतीक और रूपांकन अभी भी दिखाई देते हैं। उन्होंने आगे तर्क दिया कि केवल अवैध रूप से भूमि पर कब्जा करने से स्वामित्व स्थापित नहीं होता है और उन्होंने अयोध्या विवाद के साथ समानताएं बताईं। अब जब नामकरण या नाम परिवर्तन की कोशिशों पर अदालत ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है, तब जन्मभूमि पक्ष को छोटे-छोटे फैसले कराने की कोशिश करने के बजाय बड़े फैसले तक पहुंचने की तैयारी एवं जल्दी दिखानी चाहिए, यह विवाद जितनी जल्दी सुलझ जाए, उतना अच्छा है। श्रीराम मन्दिर-अयोध्या की तरह श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराकर वहां भव्य मन्दिर निर्माण की ओर सारा ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। देर भले ही लगे लेकिन अदालत का फैसला श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में आना है, क्योंकि इस विवाद में जन्मभूमि पक्ष में पर्याप्त दस्तावेज या सुबूत मौजूद हैं, जिनका अदालत में परीक्षण होना है। निस्संदेह, पूरे परीक्षण और विचार के बाद ही कोई फैसला आएगा। लेकिन इस फैसले की दिशाएं मथुरा को पुराणों, महाकाव्यों और ऐतिहासिक अभिलेखों में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली के रूप में वर्णित उद्धरणों एवं साक्ष्यों से स्पष्ट है। 17वीं शताब्दी में मुगल शासक औरंगज़ेब के शासनकाल में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बने मंदिर को ध्वस्त करके वहां शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया गया। इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के अनुसार, यह मस्जिद मंदिर को ध्वस्त करने उसके अवशेषों पर ही बनाई गई थी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ने 1968 में शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी के साथ दस बिंदुओं पर बिना किसी अधिकार के समझौता किया था। 13.37 एकड़ भूमि श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के नाम पर है। जब भूमि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ के नाम पर थी ही नहीं तो उसके द्वारा समझौता कैसे किया जा सकता है? 2020 में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति याचिका के माध्यम से फिर से यह मुद्दा न्यायालय में आया। याचिका में यह दावा किया गया कि 13.37 एकड़ भूमि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली है और वहां मौजूद ईदगाह मस्जिद अवैध है। साथ ही, 1951 का समझौता भी अवैध, असंवैधानिक और शून्य घोषित किए जाने की मांग की गई। 2023 से इलाहाबाद उच्च न्यायालय और मथुरा की जिला अदालतों ने इस मामले को गंभीरता से लेना शुरू किया। अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भूमि की वैज्ञानिक जांच की अनुमति दी, जैसा श्रीरामजन्मभूमि मामले में हुआ था। अदालत ने 1951 के समझौते की वैधता पर सवाल उठाए हैं क्योंकि कटरा केशवदेव ट्रस्ट को जन्मभूमि का संप्रभु प्रतिनिधि नहीं माना जा सकता था।

जन्मभूमि पक्ष की याचिकाओं को प्रारंभिक दौर में ही खारिज करने से इनकार किया गया और मुकदमे की सुनवाई की अनुमति दी गई। करोड़ों हिंदुओं की आस्था एवं ऐतिहासिकता है कि वर्तमान ईदगाह मस्जिद के नीचे श्रीकृष्ण का वास्तविक जन्मस्थान है। पुरातात्विक साक्ष्य भी मंदिर के अवशेषों की पुष्टि करते हैं। औरंगज़ेब द्वारा मंदिर तोड़ने और मस्जिद बनवाने का स्पष्ट उल्लेख फारसी शिलालेखों व इतिहासकारों की रचनाओं में भी मिलता है। पूजा स्थल अधिनियम-1991 का कानून 15 अगस्त 1947 की स्थिति को बनाए रखने की बात करता है, परंतु श्रीकृष्ण जन्मभूमि एक जीवित और सतत पूजा स्थल है, और इसमें अपवाद की आवश्यकता है जैसा अयोध्या मामले में देखा गया। यह विवाद केवल एक कानूनी लड़ाई नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक न्याय की मांग भी है। यह मसला न्यायपालिका से निष्पक्ष न्याय की अपेक्षा इसलिये भी करता है कि यह अधिसंख्य जनभावनाओं, ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक अस्मिता से जुड़ा हुआ है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद अब केवल इतिहास का विषय नहीं, बल्कि न्याय और आस्था के संतुलन की कसौटी बन चुका है। जैसे अयोध्या में शताब्दियों के संघर्ष के बाद न्याय की विजय हुई, वैसे ही मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि को भी न्याय की प्रतीक्षा है। न्यायालय का नया दृष्टिकोण एक आशा की किरण बनकर उभरा है, जो भविष्य में ऐतिहासिक भूलों को सुधारने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

# दुर्लभ खनिजों पर दुनिया को एकजुट करने की पहल, मोदी ने दी चीन को कूटनीतिक चुनौती

**नीरज कुमार दुबे**

रियो डी जेनेरो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा और उसे भू-राजनीतिक दबाव से मुक्त रखने की ज़रूरत को जोरदार ढंग से उठाया। उनका यह भाषण ऐसे समय में आया है जब चीन विश्व की 90त्न से अधिक दुर्लभ खनिज प्रसंस्करण क्षमता पर नियंत्रण रखता है और हाल ही में इन संसाधनों के निर्यात पर प्रतिबंध जैसी कार्रवाइयों से उसने वैश्विक चिंताओं को जन्म दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी प्रधानमंत्री की उपस्थिति में यह चेतावनी दी कि रणनीतिक संसाधनों का हथियारकरण वैश्विक असंतुलन को जन्म देगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि कोई भी देश इन संसाधनों का अपने निजी स्वार्थ या दूसरों के खिलाफ हथियार के रूप में उपयोग न करे। हालांकि उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया, परंतु संदर्भ और समय को देखते हुए यह टिप्पणी चीन के संदर्भ में एक अप्रत्यक्ष आलोचना के रूप में देखी जा रही है। हम आपको बता दें कि चीन की दुर्लभ खनिजों पर पकड़ स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों, सेमीकंडक्टर और एआई जैसे भविष्य के उद्योगों को नियंत्रित करने का माध्यम बनती जा रही है। हाल में चीन द्वारा इन खनिजों के निर्यात पर लगाई गई पाबंदियों ने अमेरिका, यूरोप और भारत जैसे देशों को आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा को लेकर सचेत और चिंतित किया है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स मंच से अपने भाषण में यह स्पष्ट किया कि वैश्विक ऊर्जा संक्रमण और तकनीकी नवाचार के लिए क्रिटिकल मिनरल्सङ्क जैसे लिथियम, कोबाल्ट, निकेल और दुर्लभ मृदा तत्व अनिवार्य हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला कुछ देशों के एकाधिकार में है, जो वैश्विक असंतुलन का कारण बन सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय मंचों से सामूहिक रूप से इस चुनौती से निपटने का आह्वान करते हुए कहा, हमें मिलकर क्रिटिकल मिनरल्स और तकनीक की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना होगा। देखा जाये तो यह संदेश केवल चीन की नीति के विरोध में नहीं था, बल्कि ब्रिक्स के भीतर सहयोग और विविधीकरण के नए अवसरों को तलाशने की दिशा में एक सक्रिय पहल भी थी। इसलिए मोदी ने एक ब्रिक्स क्रिटिकल मिनरल्स साझेदारी की स्थापना का प्रस्ताव रखा, जिसके तहत सदस्य देश इन संसाधनों की खोज, निष्कर्षण और प्रसंस्करण में सहयोग कर सकें। साथ ही आपूर्ति श्रृंखलाओं को विविध और लचीला बनाया जा सके तथा ग्लोबल साउथ के देशों को तकनीकी और वित्तीय सहायता दी जा सके। भारत की यह पहल वैश्विक जलवायु लक्ष्य प्राप्ति के साथ-साथ घरेलू मैन्युफैक्चरिंग, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहन और सेमीकंडक्टर उद्योगों को बल देने की रणनीति का हिस्सा है।




साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने केवल खनिजों तक सीमित न रहकर वैश्विक शासन प्रणाली में भी व्यापक बदलाव की मांग की। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं 21वीं सदी की वास्तविकताओं को दर्शाएं और विकासशील देशों को सशक्त आवाज़ दें। हम आपको बता दें कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद विश्व बैंक और जैसे संस्थानों में सुधार की मांग भारत द्वारा लंबे समय से की जा रही है और यह भाषण उस नीति की निरंतरता है। हम आपको यह भी बता दें कि भारत चीन की आपूर्ति पर निर्भरता को कम करने के लिए पहले से ही कई उपायों पर काम कर रहा है। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और अफ्रीका के देशों के साथ क्रिटिकल मिनरल्स पर साझेदारी की जा रही है। खनिज सुरक्षा साझेदारी जैसे अंतरराष्ट्रीय फ्रेमवर्क में भागीदारी की गयी है। साथ ही घरेलू स्तर पर दुर्लभ खनिजों की खोज और उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। देखा जाये तो यह केवल आर्थिक सुरक्षा नहीं, बल्कि रणनीतिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी निर्णायक कदम है। हम आपको यह भी बता दें कि पिछले सप्ताह अमेरिका में संपन्न क्वॉड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को विविध बनाने के उद्देश्य से 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' की शुरुआत करने पर भी सहमति बनी है। यह कदम आर्थिक सुरक्षा को मज़बूती देने की दिशा में एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो चीन द्वारा इस क्षेत्र में मूल्य हेरफेर समेत अन्य दबावयुक्त रणनीतियों की चिंताओं के मद्देनज़र उठाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी का ब्रिक्स मंच से दिया गया संदेश इस बात का प्रमाण है कि भारत अब भविष्य की सामरिक अर्थव्यवस्था के केंद्र में रहना चाहता है, वह केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि संचालक और नीति-निर्माता के रूप में उभर रहा है। चीन के खनिज प्रभुत्व के विरुद्ध सामूहिक वैश्विक सोच को आकार देने के लिए प्रधानमंत्री का यह भाषण एक निर्णायक मोड़ साबित होगा। हम आपको यह भी बता दें कि भारत अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा। प्रधानमंत्री ने इस संदर्भ में कहा है कि अगले वर्ष भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता में मानवता सर्वप्रथम दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा, जिस प्रकार हमने अपनी अध्यक्षता के दौरान जी-20 को व्यापकता दी, एजेंडे में 'ग्लोबल साउथ' के मुद्दों को प्राथमिकता दी, उसी प्रकार ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान हम इस मंच को जन-केंद्रित और मानवता सर्वप्रथम की भावना के साथ आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा, भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत, हम ब्रिक्स को एक नये रूप में परिभाषित करने के लिए काम करेंगे।

### कोरबा में मिली थी अधजली लाश; एम्बुलेंस नहीं मिली, पुलिस ने नगर पालिका की गाड़ी बुलाई

# महिला के शव को कचरा गाड़ी से अस्पताल भेजा





**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (निप्र)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक महिला की अधजली लाश उसके घर के पीछे मिली। इस दौरान जांच के लिए पहुंची पुलिस का अमानवीय चेहरा देखने को मिला। एम्बुलेंस या शव वाहन नहीं मिली तो पुलिस ने नगर पालिका की कचरा गाड़ी बुलाई। फिर प्लास्टिक से लपेटकर शव को कचरा गाड़ी में रखवाया।

कचरा गाड़ी ही महिला की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना का वीडियो वायरल हो गया। मामला बाकीमोंगरा थाना क्षेत्र का है। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने एएसआई पृथ्वीराज मोहंती को निलंबित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम को सोमवारी बाजार के पास कॉलोनी में एक महिला की अधजली लाश मिली थी। सूचना मिलने पर बाकीमोंगरा पुलिस, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंची।

**घर में अकेली रहती थी महिला:** पुलिस ने जब जांच शुरू की तो पता चला कि महिला का नाम गीता विश्वास (65 वर्ष) है। वह एसईसीएल कॉलोनी स्थित घर में अकेली रहती थी। उसका एक बेटा है, जिसे उसके पति अहिन्दर विश्वास की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति के तहत नौकरी मिली है। पुलिस की शुरुआती जांच में यह माना जा रहा है कि महिला ने आत्महत्या की कोशिश की होगी, लेकिन असली कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चलेगा। घटना के समय महिला का बेटा घर पर नहीं था।

**शव को कचरा गाड़ी ले जाया गया:** वहीं, जब शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल ले जाना था, जब पुलिस के पास डेडबॉडी को ले जाने के लिए एम्बुलेंस या शव वाहन नहीं था। तब पुलिस ने बाकीमोंगरा नगर पालिका की कचरा गाड़ी को बुलाकर उसमें शव को लपेटकर अस्पताल भेजा।

**घटना का वीडियो वायरल:** यह देख लोग हैरान रह गए। वहीं इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि नगर पालिका के कर्मचारी महिला के शव को प्लास्टिक में लपेटकर उसे कचरा गाड़ी में रख रहे हैं।

**एसपी ने एएसआई को किया सस्पेंड:** वीडियो वायरल होने के बाद कोरबा के एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने इस मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने घटना में लापरवाही करने वाले एएसआई को सस्पेंड कर दिया है। घटना में अन्य दोषियों की पहचान के लिए जांच जारी है।

## हेड-कॉन्स्टेबल ने ड्राइवर-कंडक्टर को बेसबाल से पीटा



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (निप्र)।** बिलासपुर में एक हेड-कॉन्स्टेबल ने हाईवा ड्राइवर और कंडक्टर को नीचे उतार कर बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे कंडक्टर को गंभीर चोटें आई है। इधर, पुलिस का कहना है कि हाईवा ड्राइवर रेस ड्राइविंग कर रहा था। जिसके चलते यह मारपीट हुई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात वर्दीधारी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी पहचान कर ली है।

दरअसल, बेमेतरा जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चाकापेंड्रा निवासी दिनेश कुमार डहरिया (36) हाईवा ड्राइवर है। पिछले 5 जुलाई वो अपने कंडक्टर विष्णु बंजारे के साथ हाईवा लेकर रायगढ़ जाने के लिए निकला था।रात करीब 10.30 बजे तखतपुर से निकल रहा था। उसी समय बिलासपुर की ओर से एक वर्दीधारी कार चालक उसकी गाड़ी को क्रॉस करने के बाद अपनी कार मोड़कर आया। उसने हाईवा के सामने कार अड़ा कर उसे रोक दिया।

इस दौरान वर्दीधारी पुलिसकर्मी ने गाली-गलौज करते हुए बेसबाल निकाला और हाईवा के सामने शीशे को तोड़ दिया। गाड़ी से बाहर उतारा और नाम पता पूछने के बाद बेसबाल से पिटाई करने लगा। ड्राइवर ने उसे अपना नाम बताया और गाड़ी आगे बढ़ाने लगा। जब ड्राइवर ने गाड़ी आगे बढ़ाई तो वो कार से पीछा कर ममता ढाबा के पास आया। जिसके बाद ड्राइवर और कंडक्टर को हाईवा से उतार कर बेसबाल और हाथ-मुक्का-लात से बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे कंडक्टर के कूल्हे, पीठ, जांघ, बांए आंख के पास, पीठ में चोट लगी है।

इस घटना के बाद ड्राइवर थाने पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। जिस पर पुलिस ने अज्ञात पुलिस वाले के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इधर, तखतपुर टीआई अनिल अग्रवाल का कहना है कि, ड्राइवर और हेल्पर शराब के नशे में थे। चालक तेज रफ्तार गाड़ी चलाकर राहगीरों को ठोकर मारने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें रोकने पर वो रॉड निकालकर धमकी देते हुए मारपीट कर रहे थे। जिससे नाराज लोगों ने उन्हें रोककर पिटाई कर दी। मामले में चालक और ड्राइवर पर केस दर्ज किया गया है।वहीं, एडिशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा ने बताया कि, हाईवा चालक को तेज रफ्तार गाड़ी चलाने से मना किया गया। इसी दौरान सिविल लाइन थाने में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल विकास सेंगर के साथ उनका झगड़ा हुआ। जिसके बाद मारपीट हुई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

इस मामले में दोषी पुलिस वाले के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर परेशान हाईवा चालक बुधवार को अपनी शिकायत लेकर एसपी ऑफिस पहुंचा।

## छत्तीसगढ़ी गाने पर झूमे सीएम, मंत्री और विधायक



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने बड़े कार्यक्रम किए, लेकिन इन कार्यक्रमों के दौरान मंच से छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर गायब रही। वहीं, मैनपाट में छत्तीसगढ़ी गाने और मांदर की थाप पर सीएम साय और मंत्री डांस करते नजर आए।

जबकि कांग्रेस के कार्यक्रम में एंट्री को लेकर धक्का-मुक्की हो गई। जिस पर फूलोदेवी नेताम ने सिक्योरिटी पर नाराजगी जताई। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इन कार्यक्रमों को लेकर बीजेपी और कांग्रेस एक-दूसरे पर तंज कस रहे हैं।

दरअसल, कांग्रेस ने 7 जुलाई को रायपुर में किसान जवान संविधान जनसभा का आयोजन किया था। वहीं, 7 से 9 जुलाई तक मैनपाट में बीजेपी प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम हुआ। इन दोनों की कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो गायब थी। जबकि चुनाव के दौरान दोनों ही पार्टियों ने अपने बैनर-पोस्टर और सभा में छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर लगाई थी।

7 जुलाई को रायपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के बाद जब नेता साइंस कॉलेज से राजीव भवन पहुंचे, तो गेट पर रोके जाने से कार्यकर्ताओं में नाराजगी दिखी। कुछ कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नेताओं को अंदर जाने से रोका जा रहा है।

वायरल वीडियो में एक कार्यकर्ता गेट पर खड़े लोगों से कहता दिखा कि, दादागिरी कर रहे हो क्या? धक्का-मुक्की के बीच एक महिला कार्यकर्ता असहज हो गई।

इस बैठक के बाद जब महिला कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम बाहर निकल रहीं थीं, तभी पीछे से किसी का धक्का लग गया। नेताम ने तत्काल नाराजगी जाहिर की और मौके पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड्स को फटकार लगाई। फूलोदेवी नेताम की प्रतिक्रिया का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

मैनपाट में भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को लेकर भूपेश बघेल ने तंज कसा है। सोशल मीडिया पोस्ट पर बघेल ने लिखा कि महाराष्ट्र चुनाव में एक महासचिव को 5 करोड़ कैश बांटते पकड़ा गया, वही अब छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षण देने आए हैं। भ्रष्टाचार ही भाजपा का प्रशिक्षण एजेंडा है।

भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का मैनपाट दौरा प्रस्तावित था, लेकिन ऐन वक्त पर दौरा रद्द हो गया। कांग्रेस ने कहा कि, दाल में कुछ काला नहीं, पूरी दाल ही काली है। कांग्रेस ने यह भी सवाल उठाया कि राज्यपाल रमन डेका ने गृहमंत्री को क्या ऐसा फीडबैक दिया कि उन्होंने छत्तीसगढ़ का दौरा रद्द कर दिया ?

बीजेपी के प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन 8 जुलाई को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गले में मांदर डालकर जमकर थिरके। मुख्यमंत्री के साथ अन्य मंत्री और विधायक भी प्रशिक्षण शिविर में झूमने नाचते नजर आए। वहीं मंच पर विधायक अनुज शर्मा ने छत्तीसगढ़ी गाने गाए। जिस पर भाजपा नेताओं ने डांस किया।

भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में सांसदों, विधायकों के मोबाइल भी जमा करा लिए गए थे। इसे लेकर भी कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट करते हुए तंज कसा है।

भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में सांसदों, विधायकों के मोबाइल भी जमा करा लिए गए थे। इसे लेकर भी कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट करते हुए तंज कसा है।

कांग्रेस के एक के बाद एक पोस्ट के बाद छत्तीसगढ़ भाजपा ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा है। 7 जुलाई को कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़के की रायपुर में जनसभा हुई थी। जिस पर बीजेपी ने लिखा है कि, रागा के सनातन विरोधी नीति पर चलते खरगे।

### दीपक बैज बोले- मैनपाट में सरकार ने पिकनिक मनाई

## प्रदेश में किसान और जनता बेहाल, स्कूलों में शिक्षक - किताबें नहीं, इनकी मस्ती की पाठशाला चल रही



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** सरगुजा के मैनपाट में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण शिविर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकारी खर्च पर पिकनिक बताया है। उन्होंने राज्य में किसानों की बदहाली, बारिश से जलमग्न बस्तियों और शिक्षा व्यवस्था पर सरकार को घेरा है।

दीपक बैज ने कहा कि, भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में डेढ़ साल के भ्रष्टाचार पर ही चर्चा करनी पड़ी। खुद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य नेताओं ने राज्य सरकार को नसीहत दी। यह प्रशिक्षण शिविर नहीं बल्कि मस्ती की पाठशाला" थी, जहां पूरी सरकार मौज-मस्ती में लिप्त रही।उन्होंने कहा, जिस सरगुजा संभाग में शिविर हुआ, वहीं खदानों के लिए सरकार जंगल कटवा रही है लेकिन इस पर कोई चर्चा नहीं हुई। बैज ने कहा कि, मानसून सक्रिय है, लेकिन सोसाइटियों में अब तक खाद-बीज नहीं पहुंचा है। किसानों को खातू और उर्वरक की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित हो रही है। बैज ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर खाद की किल्लत पैदा कर रही है ताकि उत्पादन घटे और उसे समर्थन मूल्य पर कम धान खरीदना पड़े।

उन्होंने कहा कि सरकार अभी तक पिछले साल खरीदे गए धान का सही तरीके से भंडारण और निराकरण नहीं कर पाई है। 30 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान प्रदेश के संग्रहण केंद्रों में खुले में पड़ा है, जो मानसून की बारिश में भीग चुका है। उन्होंने कहा "ये राज्य की जनता के टैक्स से खरीदा गया धान है, जिसे सरकार की लापरवाही बर्बाद कर रही है।"

प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से प्रदेश के कई शहरों की निचली बस्तियां जलमग्न हो चुकी हैं। दीपक बैज ने कहा कि सरकार पूरी तरह मैनपाट में व्यस्त थी, जबकि जनता बारिश का कहर झेल रही थी। कांग्रेस की मांग है कि तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया जाए और प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। दीपक बैज ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर भी बैज ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण के चलते एक-एक शिक्षक को पांच-पांच कक्षाएं पढ़ानी पड़ रही हैं। नया शिक्षा सत्र शुरू हुए एक महीना हो गया, लेकिन बच्चों को अब तक पाठ्यपुस्तकें नहीं मिली हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा- "जब शिक्षा विभाग मुख्यमंत्री के पास है, तब ऐसी दुर्दशा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।"

## कसडोल में सांप के काटने से मां-बेटी की मौत



### रात में फर्श पर बच्ची संग सो रही थी महिला

**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार (निप्र)।** बलौदाबाजार जिले के कसडोल के ग्राम ठाकुरदीया में सांप के काटने से एक मां और उसकी बेटी की मौत हो गई। बीती रात करीब 4 बजे की यह घटना है। सतवती पारदी (35) और उनकी बेटी देविका (9) घर के फर्श पर सो रही थीं। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने दोनों को काट लिया।

सांप के काटने के बाद दोनों की हालत बिगड़ने लगी। परिजन तुरंत दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। डॉक्टरों ने दोनों की स्थिति गंभीर बताई। कुछ ही समय में देविका ने सीएचसी में दम तोड़ दिया।

सतवती की हालत और बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान उन्होंने भी प्राण त्याग दिए। एक ही रात में मां-बेटी दोनों की मौत से पूरा गांव शोक में डूब गया है।

धरमू पारदी के परिवार पर यह दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में मातम का माहौल है। इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में सर्प दंश से बचाव और समय पर चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता के सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जिले की सहकारी समितियों में उर्वरक की आपूर्ति

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में खरीफ सीजन प्रारंभ होते ही कृषकों द्वारा खाद एवं बीज की मांग की जा रही है। जिसकी आपूर्ति हेतु जिले की सहकारी समितियों में खाद बीज पर्याप्त भंडारण है। सहकारी समितियों में अब तक यूरिया का भण्डारण 1978.35 मि.टन, डीएपी का भण्डारण 476.55 मि.टन, एनपीके का भण्डारण 1266.05 मि.टन, एसएसपी 253.80 मि.टन, पोटाश 156.85 मि.टन इस प्रकार समस्त उर्वरकों का भण्डारण 4131.60 मि.टन हुआ है। अब तक जिले के कृषकों द्वारा यूरिया 1720.02 मि.टन., डीएपी 399.70 मि.टन, एनपीके 1185.40 मि.टन, एसएसपी 117.70 मि.टन एवं पोटाश 105.25 मि.टन कुल 3528.07 मि.टन उर्वरक का उठाव किया गया है। कृषक की मांग को ध्यान में रखते हुए सहकारी समितियों में नियमित रूप से उर्वरक का भण्डारण किया जा रहा है। विकासखंड भरतपुर के सहकारी समिति सिंगरौली में अब तक यूरिया 54 मि.टन, एनपीके 46 मि.टन, एसएसपी 30 मि.टन, पोटाश 10 मि.टन का भण्डारण किया गया है। आज की स्थिति में समिति में कृषकों के वितरण हेतु यूरिया 0.67 मि.टन, एनपीके 5.75 मि.टन, एसएसपी 14.60 मि.टन एवं पोटास 4.80 मि.टन उपलब्ध है। विकासखण्ड- मनेन्द्रगढ़ के सहकारी समिति चैनपुर में अब तक यूरिया 143.86 मि.टन, डीएपी 46.10 मि.टन, एनपीके 101.15 मि.टन, एसएसपी 29.80 मि.टन, पोटाश 25 मि.टन का भण्डारण किया गया है। आज की स्थिति में समिति में कृषकों के वितरण हेतु यूरिया 3.24 मि.टन, एनपीके 15.15 मि.टन, एसएसपी 2.20 मि.टन एवं पोटाश 9.50 मि.टन उपलब्ध है। उर्वरक के उठाव होने के साथ- साथ भण्डारण की कार्यवाही भी की जा रही है। आने वाले समय में उर्वरक की कमी नहीं होगी।

## जिले में अब तक 295.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले की भू-अभिलेख विभाग के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक जिले में औसतन 295.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी है। बीते 24 घंटे में हालांकि केवल 0.4 मी.मी. वर्षा दर्ज की है, वहीं तहसीलवार वर्षा वितरण की बात करें तो भरतपुर तहसील में सबसे अधिक 364.2 मि.मी. बारिश हुई है, जो जिले में सबसे ऊपर है। इसके अलावा चिरमिरी में 335.7 मि.मी., कोटाडोल में 320.1 मि.मी., खड़गवां में 295.6 मि.मी., मनेंद्रगढ़ में 246.1 मि.मी. और केल्हारी में 213.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## लिपिक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया जारी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले के तृतीय श्रेणी लिपिकों को सहायक ग्रेड-02 में पदोन्नति तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-03 में पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान दिए जाने की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की स्थापना शाखा द्वारा कार्यवाही की जा रही है, जारी जानकारी के अनुसार जिन कर्मचारियों के नाम संलग्न सूची में नहीं हैं अथवा नाम होने के बावजूद उनका गोपनीय प्रतिवेदन या अचल सम्पत्ति विवरण कार्यालय में जमा नहीं है ऐसे कर्मचारियों से आग्रह किया गया है कि वे संबंधित दस्तावेज 14 जुलाई 2025 को सायं 4 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि पदोन्नति और वेतनमान प्रक्रिया में उनका नाम यथासमय सम्मिलित किया जा सके। जिला शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर ने सभी संबंधित कर्मचारियों से समयसीमा का पालन करने की अपील की है।

## किराए पर भवन हेतु जिला स्तर पर लघु निविदा पत्र आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिले की देशी मदिरा दुकान डोमनहिल के लिए बघनच्चा में किराये के भवन की व्यवस्था हेतु जिला स्तर पर लघु निविदा आमंत्रित की गई है। यह निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अधिपत्य तिथि से 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। इच्छुक निविदाकारों से बंद लिफाफे में तकनीकी बिड और प्राइस बिड पृथक-पृथक रूप से आमंत्रित की गई हैं, जिन्हें 15 जुलाई 2025 को दोपहर 2 बजे तक जिला आबकारी अधिकारी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना है। प्राप्त निविदाओं को इसी दिन दोपहर 4 बजे निविदाकारों की उपस्थिति में समिति द्वारा खोला जाएगा। निविदा की विस्तृत शर्तें, नियम और प्रपत्र कार्यालयीन समय में, अंतिम तिथि के एक दिन पूर्व तक अवकाश के दिनों को छोड़कर, जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, एमसीबी कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके लिए 500 रुपए मात्र का बैंक ड्राफ्ट, जो प्रबंधक, ष्टस्स्ष्टरु मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के नाम पर हो, जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त निविदा को कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## दुकानों से संग्रहित खाली कार्टनों के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में संचालित 4 देशी, 5 देशी कम्पोजिट, 6 विदेशी मदिरा दुकानें तथा 3 विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकानों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान संग्रहित खाली कार्टनों (पुट्ठा ) का विक्रय किए जाने हेतु इच्छुक निविदाकारों से बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। यह विक्रय प्रति नग दर के आधार पर किया जाएगा, जिसके लिए तकनीकी बिड और प्राइस बिड पृथक-पृथक रूप से आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक निविदाकारों को अपनी निविदा 15 जुलाई 2025 को दोपहर 2 बजे तक कार्यालय जिला प्रबंधक, सीएसएमसीएल, जिला एमसीबी में जमा करनी होगी। प्राप्त निविदाएं समिति द्वारा निविदाकारों की उपस्थिति में उसी दिन शाम 4 बजे खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी नियम, शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं संबंधित मदिरा दुकानों की अवस्थिति की विस्तृत जानकारी जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, एमसीबी कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए मात्रा 500 रुपए का बैंक ड्राफ्ट, जो जिला प्रबंधक सीएसएमसीएल, एमसीबी के पक्ष में देय होगा, निविदा दस्तावेज प्राप्त करने हेतु अनिवार्य है। यह निविदा प्रक्रिया कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित की गई है।

## पेयजल परियोजना के लिए 185 करोड़ रुपये की मिली स्वीकृति

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** चिरमिरी वासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से चिरमिरी क्षेत्र को वर्षों पुरानी पेयजल समस्या से निजात मिलने जा रही है। अमृत मिशन 2.0 योजना के अंतर्गत राज्य शासन ने चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में पेयजल परियोजना के लिए 185 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे सैकड़ों परिवारों के लिए राहत लेकर आएगी। पानी की अनियमित आपूर्ति और गंदे पानी की समस्या से परेशान क्षेत्रवासियों को अब नियमित और स्वच्छ जल मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री और शहरी प्रशासन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना चिरमिरी क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जल्द ही चिरमिरी की धरती पर बहता साफ़ और शुद्ध जल न केवल स्वास्थ्य लाभ देगा बल्कि नागरिकों का जीवन स्तर भी ऊँचा उठाएगा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### वैगनआर ने सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी हैचबैक का खिताब जीता



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वित्त वर्ष 2025 में मारुति सुजुकी की वैगनआर ने सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी हैचबैक का खिताब हासिल किया है। अप्रैल से जून 2025 की तिमाही में कंपनी ने वैगनआर सीएनजी की कुल 1,02,128 यूनिट्स की बिक्री की है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि ईंधन की बढ़ती कीमतों और बेहतर माइलेज की चाहत के चलते ग्राहक पारंपरिक पेट्रोल-डीजल के विकल्प के रूप में सीएनजी वाहनों को तेजी से अपना रहे हैं। मारुति की ही इर्टिगा सीएनजी इस दौरान सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी कार रही, लेकिन वैगनआर ने हैचबैक सेगमेंट में सबसे अधिक ग्राहक बटोरे। वैगनआर को इसकी किफायती कीमत, शानदार माइलेज और बेहतर फीचर्स के लिए जाना जाता है। इसमें 1.0 लीटर और 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन विकल्प मिलते हैं, जिसमें सीएनजी वेरिएंट भी उपलब्ध है। कार का दावा है कि सीएनजी पर यह 34 किमी प्रति किलोग्राम तक का माइलेज दे सकती है। इसके अलावा वैगनआर में 7-इंच टचस्क्रीन, 4-स्पीकर म्यूजिक सिस्टम, स्टेयरिंग माउंटेड कंट्रोल और रियर पार्किंग सेंसर जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 5.79 लाख रुपये से शुरू होकर 7.62 लाख रुपये तक जाती है।

### क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद जोकोविच ने खींची फेडरर की टांग

**मुम्बई एजेंसी।** नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद बेहतरीन वापसी करते हुए 7 जुलाई को लंदन के सेंटर कोर्ट में 11वें वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एलेक्स डि मिनोर को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइन में जगह बना ली है। आठ बार के विंबलडन चैंपियन रोजर फेडरर भी सात बार के विंबलडन विजेता जोकोविच के इस मुकाबले दो देखने आए थे। वहीं मैच खत्म होने के बाद जोकोविच ने फेडरर की मौजूदगी को सराहा और उन पर चुटकी भी ली। जोकोविच ने कहा कि, मिनोर के खिलाफ एक मुश्किल मैच था। कई चुनौती भले पल गुजरे इस मुकाबले में। कभी-कभी मुझे लगता है कि काश मेरे पास उतना अच्छा सर्व या फिर वॉली होती, जो दर्शक दीर्घा में बैठे उस महान शख्स के पास है तो मेरी कुछ मदद हो जाती। जोकोविच की इस बात पर फेडरर हंस पड़े। इसके बाद होस्ट ने पूछा कि फेडरर के सामने प्रदर्शन कर उन्हें कैसा महसूस हो रहा है? इस पर जोकोविच ने फेडरर की टांग खींचते हुए कहा कि, ईमानदारी से कहूं तो ये पहली बार है जब उनके दर्शक दीर्घा में रहने के बावजूद मैं जीता हूं। इससे पहले कुछ मैं हार गया था। तो श्राप का टूटना अच्छा है। फेडरर को यहां देखकर काफी अच्छा लगा है। वह एक चैंपियन खिलाड़ी रहे हैं। और मैं उनका काफी सम्मान करता हूं। हमने काफी समय तक एक-दूसरे के खिलाफ खेला है।

उन्हें उनके सबसे पसंदीदा और सबसे कामयाब टूर्नामेंट में

# शेयर बाजार मे रही गिरावट




**मुम्बई ( एजेंसी )।** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर खुला। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों के साथ बिकवाली हावी रहने से आई है। भारत और अमेरिका के बीच छोटे कारोबारी करार और जून तिमाही का परिणाम सत्र शुरू होने से पहले ही निवेशकों ने सतर्क रुख अपना लिया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज सुबह 90 अंक के करीब नीचे आकर 83,625.89 अंक पर खुला। सुबह यह 114.39 अंक करीब 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ 83,598.12 पर कारोबार कर रहा था। वहीं इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी हल्की गिरावट के साथ ही 25,514.60 अंक पर खुला। सुबह यह 25.85 अंक तकरीबन 0.10 फीसदी टूटकर 25,496 पर कारोबार कर रहा था। वहीं इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प की टैरिफ योजना, चीन के जून मुद्रास्फीति आंकड़े, विदेशी निवेशकों का रुख, प्राइमेरी मार्केट की गतिविधि और वैश्विक बाजारों के संकेत आज बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी की दिशा तय करेंगे।अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के 1 अगस्त की टैरिफ समयसीमा को आगे नहीं बढ़ाये जाने के बयान के बाद ही एशियाई बाजारों में दबाव पड़ा जिससे इनमें मिला-जुला कारोबार हुआ। ट्रंप ने अपने एक बयान में तांबे के आयात पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ विशेष क्षेत्रों पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जा सकता है। इसके अलावा, उन्होंने यह चेतावनी दी कि अमेरिका को निर्यात की जाने वाली दवाओं पर अगले 12 से 18 महीनों में 200 फीसदी तक शुल्क लगाया जा सकता है। वहीं जापान का निक्केई इंडेक्स 0.18 फीसदी ऊपर आया जबकि टोपिक्स इंडेक्स में 0.19 फीसदी की तेजी दर्ज की गयी। दक्षिण कोरिया का कोस्पी भी 0.19 फीसदी ऊपर आया। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.59 फीसदी गिरा। निवेशक अब चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर नजर रख रहे हैं। इसमें जून महीने की महंगाई और उत्पादक मूल्य शामिल है।

जून में चीन की उपभोक्ता महंगाई 0.10 फीसदी रही, जबकि मई में यह 0.10 फीसदी की गिरावट पर थी। हालांकि, उत्पादक कीमतों में सालाना आधार पर 3.6 फीसदी की गिरावट आई, जो अनुमानित 3.2 फीसदी से ज्यादा और मई की 3.3 फीसदी गिरावट से भी गहरी रही। दूसरी ओर वॉल स्ट्रीट में बाजार स्थिर बने रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.07 फीसदी नीचे आकर 6,225.52 पर बंद हुआ। नैस्डैक कंपोजिट 0.03 फीसदी ऊपर आकर 20,418.46 पर बंद हुआ। डॉव जोन्स 0.37 फीसदी की गिरावट के साथ 44,240.76 पर बंद हुआ।

## सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी है। आज सुबह वायदा कारोबार की शुरुआत कमजोर रही। घरेलू बाजार में आज सोना 96,200 रुपये जबकि चांदी 1,07,800 रुपये के करीब रहा है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई हालांकि बाद में इसमें गिरावट आने लगी। इसके अलावा सोना भी गिरावट के साथ ही खुला। सोने के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध आज 279 रुपये की गिरावट के साथ ही 96,193 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 96,472 रुपये था। वहीं एक समय यह अनुबंध 294 रुपये की गिरावट के साथ ही 96,178 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एक समय इसने 96,257 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 96,157 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। सोने के वायदा भाव इस साल 1,01078 रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंचे। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर अनुबंध 96 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,07,889 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,07,985 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 165 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,07,820 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 1,07,938 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 1,07,800 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। वहीं चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,09,748 रुपये किलो के भाव पर सबसे उच्च स्तर पर पहुंचा। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव में गिरावट रही। कॉमेक्स पर सोना 3,310.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 3,316.90 डॉलर प्रति औंस था। सुबह यह 16.80 डॉलर की गिरावट के साथ ही 3,300.10 डॉलर प्रति औंस पर खुला। वहीं सोने के वायदा भाव इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव के शीर्ष स्तर पर पहुंचे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.93 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.74 डॉलर था।



## वोक्स का विकल्प तलाशे टीम - बॉयकॉट

- क्रॉली अब सीख नहीं सकते



**लंदन ( एजेंसी )।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने कहा है कि तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स का सर्वश्रेष्ठ दौर बीत गया है और टीम को इनसे आगे बढ़ने की जरुर है। वोक्स अब तक दोनो ही मैचों में विफल रहे हैं। बॉयकॉट के अनुसार टीम को अब उनका विकल्प तलाशना चाहिये। वहीं जैक क्रोली को लेकर कहा कि ये सलामी बल्लेबाज अपनी गलतियों से सीखना नहीं चाहता है। वोक्स ने अभी तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं और वह इंग्लैंड के आक्रमण में सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस तेज गेंदबाज ने दो मैचों में 82 ओवर फेंके और 290 रन देकर केवल तीन विकेट लिए। उन्होंने जिन तीन पारियों में बल्लेबाजी की, उनमें उन्होंने 50 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 38 रन है। बॉयकॉट ने कहा, 'जब खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ समय बीत जाता है तो वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता और ऐसे खिलाड़ियों को टीम में रखने से विपरीत प्रभाव पड़ता है। वोक्स की उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनकी गति कम होती जा रही है, जैसा कि आप उम्मीद कर सकते हैं। वह विदेश में कभी भी विकेट लेने वाले गेंदबाज नहीं रहे हैं, जहां उनका रिकॉर्ड खराब है। इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और जब बल्लेबाज विफल रहते हैं तो उनसे रन बनाने की उम्मीद की जाती है पर उनका मुख्य काम गेंदबाजी कर विकट लेना है जिसमें वह विफल हो रहे हैं। क्रॉली को लेकर बॉयकॉट ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज अब अधिक बेहतर नहीं हो सकता। क्रॉली ने भारत के खिलाफ अब तक चार पारियों में केवल एक अर्धशतक लगाया है। बॉयकॉट ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वह ओर अवसर मिलने पर बदल सकते हैं या बेहतर हो सकते हैं। बल्लेबाजी दिमाग में होती है और दिमाग ही तय करता है कि आप बल्लेबाजी कैसे करेंगे, आप कौन से शॉट खेलने की कोशिश करेंगे, कौन सी गेंदें छोड़ेंगे। उनकी तकनीक और सोच में काफी कमी है जिससे ठीक करना संभव नहीं है।

## कोहनी में चोट और शुरुआती दो सेट गंवाने के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचे यानिक सिनर



**मुम्बई एजेंसी।** दुनिया के नंबर वन टेनिस प्लेयर यानिक सिनर दो सेट गंवाने और कोहनी में चोट के बावजूद विंबलडन 2025 के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब रहे। सिनर ने 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव को हराया है। हालांकि, वर्ल्ड के 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने सिनर के खिलाफ पहले दो सेट 6-3, 7-5 से जीत कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। लेकिन तीसरे सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबरी पर था तब दिमित्रोव ने खेलना बंद कर दिया। बता दें कि, 34 वर्षीय दिमित्रोव का ये लगातार पांचवां ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंच हैं जिसे वो पूरा करने में विफल रहे। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और मई में फ्रेंच ओपन के अलावा पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओफन में भी मैच के बीच में हट गए थे। सिनर पहले सेट के दौरान कोर्ट पर फिसल गए थे जिससे उनकी कोहनी में चोट आई थी लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है। सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे। इस बीच महिला एकल में रूस की 18 वर्षीय खिलाड़ी मीर एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

## घरेलू वेज थाली जून में 8 प्रतिशत सस्ती हुई

### आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने का असर, नॉन-वेज थाली भी 6 प्रतिशत सस्ती हुई



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 8 प्रतिशत घटकर 27.10 रुपए हो गई है। पिछले साल जून 2024 में वेज थाली की कीमत 29.40 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत मई की तुलना में जून में 3 प्रतिशत बढ़ी है। मई में वेज थाली की कीमत 26.20 रुपए थी।

**नॉन-वेज थाली भी 6 प्रतिशत सस्ती हुई**- वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत जून में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत घटकर 54.80 रुपए हो गई है। पिछले साल जून-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 58 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी मई की तुलना में जून में नॉन-वेज थाली की कीमत 4 प्रतिशत बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 52.60 रुपए थी।

**आलू, प्याज और टमाटर हुए सस्ते**- क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने के चलते वेज थाली की कॉस्ट में कमी हुई है। टमाटर की कीमत सालाना आधार पर 24 प्रतिशत घटकर 32 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। प्याज के दाम में 27 प्रतिशत और आलू के भाव में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस कारण वेज थाली की कीमत में गिरावट हुई है। वेज थाली की कॉस्ट में आलू और टमाटर की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है। नॉन वेज थाली की कीमत में ये कमी ब्रॉयलर्स यानी चिकन के प्राइस में सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की गिरावट के चलते आई है। नॉन-वेज थाली की लागत में ब्रॉयलर की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है। वहीं, सालाना आधार पर वेजिटेबल ऑयल की कीमत 19 प्रतिशत और एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 6 प्रतिशत बढ़ी है, नहीं तो दोनों थाली और भी सस्ती हो सकती थी।

## तीसरे टेस्ट में आर्चर को शामिल करे इंग्लैंड - एंडरसन



**लंदन ( एजेंसी )।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि इंग्लैंड को अपनी गेंदबाजी को बेहतर बनाने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में रहस्यमयी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को जरुर शामिल करना चाहिये। पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज में अभी दोनो ही टीमें 1-1 से बराबरी पर हैं। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से प्रतिष्ठित लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जाएगा। एंडरसन के अनुसार आर्चर ने फिटनेस कारणों से चार साल से अधिक समय से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है पर उनकी गेंदबाजी में काफी विविधता है और वह मुकाबले में अंतर पैदा कर सके हैं। हाल में उन्होंने ससेक्स की ओर से प्रथम श्रेणी स्तर क्रिकेट में सभी को प्रभावित किया था। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में टीम के गेंदबाज प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाये थे जिससे भारतीय टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। एंडरसन ने कहा, आर्चर ने ससेक्स के लिए एक मैच खेला; वह एजबेस्टन में टीम के साथ थे और थोड़ी गेंदबाजी भी की। मुझे लगता है कि आपको उन्हें खिलाना ही होगा क्योंकि तीसरा टेस्ट बेहद अहम है। दूसरी ओर इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने माना है कि आर्चर फिट है और चयन के लिए उपलब्ध है पर उनका खेलना तय नहीं है। उन्होंने कहा, जोफ्रा फिट दिख रहे हैं, वे मजबूत दिख रहे हैं, वे खेलने के लिए तैयार दिख रहे हैं और वे सभी की नजर में आएंगे। यह बेहद रोमांचक है। वे भी खेलने को लेकर उत्साहित हैं। वे अपनी चोटों और टेस्ट क्रिकेट से बाहर रहने के दौर से गुजरे हैं। हम सभी जानते हैं कि वे टेस्ट क्रिकेट में क्या हासिल कर सकते हैं और हमें उम्मीद है कि जब उन्हें मौका मिलेगा, तो वे अपनी पुरानी उपलब्धियों को फिर से दोहरा पाएंगे और खेल के उस रूप में जो उन्होंने पहले से किया है, उसमें सुधार भी कर पाएंगे। आर्चर के रुप में एक बदलाव ही संभावित नजर आ रहा है। तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और बैक-अप बल्लेबाज जैकब बेथेल भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले की दौड़ में हैं पर उनकी दावेदारी कमजोर है। बेथेल ने केवल तीन टेस्ट मैच खेले हैं जबकि एटकिंसन मई में नॉटिंघम में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद से से ही बाहर हैं। बेथेल के शामिल होने से इंग्लैंड को एक और मौका मिलेगा। एक और स्पिन विकल्प के साथ मैकुलम ने कहा कि वह पहली पसंद के स्पिनर शोएब बशीर की जगह अंतिम ग्यारह में नहीं रहेंगे। मैकुलम ने बेथेल के बारे में कहा, वह एक बल्लेबाजी विकल्प है। अगर कुछ होता है तो वह अगला खिलाड़ी है।

## एशियाई चैंपियनशिप पर रहेंगी मनु भाकर की नजरें



**पेरिस ( एजेंसी )।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर का लक्ष्य अब कजाकिस्तान में होने वाली 16वीं एशियाई चैंपियनशिप में जीत दर्ज करना रहेगा। 16 से 30 अगस्त तक होने वाले इस टूर्नामेंट में केवल मनु ही दो व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग लेंगी। वहीं निशाने बाजी महासंघ ने सात से 15 सितंबर तक चीन के निंगबो में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप के लिए सीनियर टीम की घोषणा भी कर दी है। इस प्रमुख एशियाई प्रतियोगिता के लिए सीनियर टीम में 35 निशानेबाज हैं जो तीन मिश्रित टीम सहित 15 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। मनु इसमें महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ओलंपिक पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन और ओलंपियन राही सरनोबत भी इस टीम में शामिल हैं। वहीं सीनियर टीम में वापसी करने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में पुरुष एयर राइफल के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल और ओलंपियन अंजुम मौदगिल, ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, सौरभ चौधरी और केनान चेनाई भी शामिल हैं। ईशा सिंह, मेहुली घोष और किरण अंकुश जाधव दोनों सीनियर टीम में हैं। वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा घोषित अन्य टीमें सितंबर-अक्टूबर में होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए हैं। जो सीनियर प्रतियोगिता के साथ ही होगी!

## पंड्या इस कारण नहीं खेलते टेस्ट क्रिकेट



**मुम्बई ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने लंबे समय से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है और वह केवल सीमित ओवरों (एकदिवसीय ओर टी20) प्रारुप के लिए भी उपलब्ध होते है। पंड्या ने अंतिम बार साल 2018 में टेस्ट क्रिकेट खेला था। वहीं साल 2021 में पंड्या ने टेस्ट टीम में वापसी की थी पर इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में उन्हें मौका नहीं मिला था। इसके बाद 2021 टी20 विश्व कप के बाद, पंड्या ने खेल से ब्रेक लिया और आईपीएल 2022 में वापसी की। पंड्या ने करियर में भारत के लिए 11 मैचों की 18 पारियों में कुल 532 रन बनाए हैं।

इसके अलावा 19 पारियों में गेंदबाज करते हुए उन्होंने 17 विकेट लिए हैं। उनके टेस्ट मैच न खेलने का मुख्य कारण फिटनेस है। वह अपने करियर में चोटों से काफी परेशान रहे हैं। उन्हें कई बार चोट का सामना करना पड़ता है। इसी कारण वह अपने करियर को लंबा बनाये रखने टेस्ट से दूरी बनाये हुए हैं। उनके पीठ का दर्द उनके टेस्ट क्रिकेट न खेलने के पीछे के कारणों में से एक है। पंड्या ने भी एक बार कहा था कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलकर अपनी पीठ को जोखिम में डाल सकते हैं। उन्होंने कहा था कि मैं खुद को एक बैक-अप सीमर मानता हूं। पीठ की सर्जरी के बाद मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना परेशानी खड़ी कर सकता है हालांकि अगर वह केवल टेस्ट ही खेलते और सीमित ओवरों के लिए उन्हें अवसर नहीं मिलता तो वे टेस्ट खेल सकते थे।

## लॉर्ड्स में शतक लगा पायेंगे शुभमन?



### अब तक 10 भारतीय बल्लेबाज ही यहां लगा पाये हैं शतक

**लंदन ( एजेंसी )।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा क्रिकेट टेस्ट मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। इस मैच में जीत हासिल कर भारतीय टीम सीरीज में बढ़त हासिल करना चाहेगी। अभी दोनो ही टीमें 1-1 से बराबरी पर है। ऐसे में ये मुकाबला काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लॉर्ड्स के प्रतिष्ठित मैदान पर टेस्ट शतक जड़ने का सपना हर बल्लेबाज का होता है और हर गेंदबाज भी इस मैदान पर पांच विकेट लेना चाहता है। इसका कारण ये है कि ऐसे खिलाड़ियों का नाम परंपरा के मुताबिक यहां के ऑनर्स बोर्ड में शामिल किया जाता है। इस सीरीज में अब तक शुभमन ने एक दोहरे शतक के साथ ही सहित तीन शतक लगा दिये हैं और ऐसे में उनका लक्ष्य यहां भी शतक लगाना रहेगा अब देखना है कि वह सफल होते हैं या नहीं। शुभमन ने पहले और दूसरे दोनो ही मैचों में शतक लगाये हैं जिससे प्रशंसक उनसे यहां भी शतक की उम्मीद करेंगे हालांकि ये आसान नहीं हं। लॉर्ड्स क्रिकेट में अब तक केवल वीनू मांकड़, दिलीप वेंगसरकर सहित 10 भारतीय बल्लेबाज ही शतक लगा पाये है पर इनमें सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली शामिल नहीं हैं। इसके अलावा सुनील गावस्कर और ब्रायन लारा तक यहां शतक नहीं लगा पाये हैं।

वीनू मांकड़ लॉर्ड्स में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय थे। उन्होंने जून 1952 में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार 184 रन बनाए थे। यह लॉर्ड्स में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे अधिक स्कोर है। वहीं वेंगसरकर ने लॉर्ड्स के मैदान पर तीन शतक लगाये और ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह एकमात्र देशी बल्लेबाज हैं। वेंगसरकर ने इस मैदान पर अपना पहला शतक अगस्त 1979 में लगाया था। तब उन्होंने 295 गेंदों पर 103 रन बनाए थे। फिर जून 1982 में वेंगसरकर ने 264 गेंदों पर 157 रन बनाये। वेंगसरकर ने लॉर्ड्स में अपना तीसरा एवं आखिरी शतक जून 1986 में लगाया था। तब उन्होंने 213 गेंदों पर नाबाद 126 रनों की पारी खेली थी। गुंडप्पा विश्वनाथ ने अगस्त 1979 में लॉर्ड्स में 113 रनों बनाये थे। वहीं रवि शास्त्री ने जुलाई 1990 में यहां 100 रन बनाए थे। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने जुलाई 1990 में इस मैदान पर 121 रन बनाये जबकि सौरव गांगुली ने इंग्लैंड के अपने पहले दौरे में ही लॉर्ड्स मे शतक लगाया। गांगुली ने जून 1996 में लॉर्ड्स के मैदान पर 131 रन बनाये थे।

ऑलराउंडर अजीत अगरकर ने जुलाई 2002 में लॉर्ड्स में शतक लगाया। उनके नाम यहां 109 रन हैं। राहुल द्रविड़ ने भी यहां 2011 में 103 रन बनाए थे। अजिंक्य रहाणे के नाम भी इस मैदान में शतक है। रहाणे ने जुलाई 2014 में इस ऐतिहासिक मैदान पर 154 गेंदों पर 103 रन बनाए थे। केएल राहुल ने भी इस मैदान पर 129 रनों बनाये हैं। इसके बाद से ही कोई भी भारतीय बल्लेबाज यहां शतक नहीं लगा पाया है। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट के नाम इस मैदान पर सबसे ज्यादा टेस्ट शतक हैं। रूट ने इस मैदान पर 22 टेस्ट मैचों में 7 शतक जड़े हैं। इसके बाद इंग्लैंड के ही ग्राहम गूच और माइकल वॉन ने छह-छह टेस्ट शतक लगाए हैं।

### डॉक्टर पर 80 नर्सिंग छात्राओं ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

# नर्सिंग छात्राओं का मेडिकल कॉलेज में जेडीए ने किया समर्थन, डॉक्टर को ड्यूटी से हटाने की मांग



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के संजय गांधी अस्पताल के ईएनटी विभाग के डॉक्टर अशरफ पर बीएससी नर्सिंग की 80 छात्राओं ने यौन दुर्व्यवहार और असहज व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्राओं ने नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर के व्यवहार से वे खुद को असुरक्षित और मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस कर रही हैं।

प्राचार्य ने छात्राओं की शिकायत को गंभीर मानते हुए श्यामशाह मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल को पत्र लिखा। डीन ने मामले की जांच के लिए आंतरिक परिवाद समिति की तीन सदस्यीय टीम बनाई है। इसमें डॉ. शशि जैन (नेत्र रोग विभागाध्यक्ष), डॉ. नीरा मराठे (पीएसएम), रीना पटेल (स्टाफ नर्स), और एनजीओ प्रतिनिधि कमलेश सचदेवा शामिल हैं। टीम को एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

**जेडीए और एबीवीपी ने किया समर्थन, कार्रवाई की मांग:** जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के डॉ. आशय द्विवेदी ने कहा, 80 छात्राओं ने एक ही डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। निलंबन और निष्कासन ही एक मात्र उपाय है। जब तक जांच पूरी नहीं होती, तब तक डॉक्टर को ड्यूटी से हटाना चाहिए। मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी कॉलेज में प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने "डीन तुम शर्म करो" और "डॉ. अशरफ इस्तीफा दो" जैसे नारे लगाए। उन्होंने डीन के चैंबर के बाहर प्रदर्शन करते हुए कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

**डीन को भी शर्म करनी चाहिए- जिला संयोजक:** जिला संयोजक पीएन पांडे ने कहा "अगर 80 छात्राएं एक ही बात कह रही हैं तो वे झूठ नहीं बोल सकतीं। यह रीवा की साख पर सवाल है। मेडिकल कॉलेज के डीन को भी शर्म करनी चाहिए।"

**छात्राओं ने ईएनटी विभाग में ड्यूटी करने से मना किया:** डॉ. अशरफ की देखरेख में होने वाले क्लीनिकल कामों से नर्सिंग की द्वितीय और तृतीय वर्ष की छात्राओं ने हाथ खींच लिया है। उन्होंने कहा कि कोलकाता के आरजी कॉलेज की घटना के बाद उन्होंने यह फैसला लिया। छात्राओं का कहना है कि डॉक्टर का व्यवहार क्लीनिकल लर्निंग माहौल को प्रभावित कर रहा है। प्राचार्य प्रवीण पटेल ने बताया, छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ईएनटी विभाग में उनकी ड्यूटी पर रोक लगाई गई है।

**पूर्व में भी विभाग पर लगे हैं आरोप:** ईएनटी विभाग वही है जहां कुछ दिन पहले एक वार्ड बॉय ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की थी। नाबालिग ने गैंगरेप के भी आरोप लगाए थे। उस मामले की जांच अभी जारी है।

**प्रबंधन बैकफुट पर, कार्रवाई की मांग तेज:** लगातार शिकायतों और छात्र संगठनों के दबाव के बाद कॉलेज प्रबंधन बैकफुट पर आ गया है। अब जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर अशरफ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीन डॉ. सुनील अग्रवाल ने कहा, "छात्राओं ने चिकित्सक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।"

## अतिक्रमण हटाने गई लेडी कॉन्स्टेबल और सिक्योरिटी गार्ड पर हमला



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर जिले के बदेरा थाना क्षेत्र के ग्राम सरेड़ा में मंगलवार दोपहर सीमेंट कंपनी की खदान से अतिक्रमण हटाने गई पुलिस और सिक्योरिटी टीम पर हमला हो गया। इस दौरान एक बुजुर्ग महिला ने लेडी कॉन्स्टेबल पूर्णिमा सिंह के सिर पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया और खून बहने लगा। वहीं, परिवार की बहू ने महिला सिक्योरिटी गार्ड उमा दाहिया को दांतों से काट लिया। दोनों घायलों का मौके पर मौजूद एम्बुलेंस में प्राथमिक उपचार किया गया।

जानकारी के अनुसार, लखन पटेल ने मुआवजा मिलने के बावजूद खदान की जमीन खाली नहीं की थी। सिविल कोर्ट के बेदखली आदेश के बाद भी उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया। मंगलवार को कंपनी प्रबंधक, सिक्योरिटी गार्ड, राजस्व विभाग और पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए पहुँचे। कार्रवाई के दौरान जेसीबी से मकान गिराया जा रहा था, तभी लखन पटेल की माँ और बहू ने आक्रोशित होकर हमला कर दिया।

पुलिस ने बताया कि लेडी कॉन्स्टेबल पूर्णिमा सिंह के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस अब बुजुर्ग महिला और उनकी बहू के खिलाफ मामला दर्ज करने की तैयारी कर रही है। घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है, और पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है।

## चिराहुलनाथ मंदिर में अतिक्रमण पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के ऐतिहासिक चिराहुलनाथ मंदिर के आसपास अतिक्रमण को हटाने के लिए बुधवार को नगर निगम और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। मंदिर मार्ग पर पूजा सामग्री बेचने के नाम पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को बुलडोजर की मदद से हटाया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल, नगर निगम के अधिकारी, एसडीएम, और तहसीलदार मौके पर मौजूद रहे।

चिराहुलनाथ मंदिर, रीवा का एक प्राचीन धार्मिक स्थल है, जहां गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 10 जुलाई 2025 को भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। मंदिर के रास्ते पर नगर निगम की दुकानों के बाहर सड़क पर अवैध रूप से दुकानें संचालित हो रही थीं, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन और पार्किंग में काफी परेशानी हो रही थी। प्रशासन ने दुकानदारों को पहले भी अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी, लेकिन अनुपालन न होने के कारण यह कार्रवाई करनी पड़ी।

एसडीएम अनुराग तिवारी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के मद्देनजर मंदिर मार्ग को सुगम और स्वच्छ बनाने के लिए यह कदम उठाया गया। उन्होंने कहा, "नगर निगम द्वारा निर्मित दुकानों में दुकानदारों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है, फिर भी सड़क पर अतिक्रमण किया गया था। आज की कार्रवाई से मार्ग को खाली कराया गया है ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।"

कार्रवाई के दौरान दुकानदारों ने भारी विरोध किया, लेकिन भारी पुलिस बल और नगर पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने का कार्य पूरा किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मंदिर के आसपास व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऐसी कार्रवाइयां भविष्य में भी जारी रहेंगी।

# सगे भाइयों से परेशान बुजुर्ग ने खुदको मारी थी गोली, राजस्थान से आरोपी गिरफ्तार

### न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस ने रिमांड प्राप्त किया



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में बुजुर्ग ने साइबर ठगों से परेशान होकर खुद को गोली मार ली, इससे उसकी मौत हो गई। बुजुर्ग को रुपयों के लिए जो साइबर ठग परेशान कर रहे थे वो तीनों सगे भाई ही हैं। उन्होंने खुद को सिक्के और नोट जमा करने वाली संस्था के व्यक्ति बताकर बात की थी। आरोपियों ने बुजुर्ग की मौत के बाद भी लगातार कॉल किए थे।

पुलिस ने जुबेर खान, यासीन मोहम्मद, शब्बीर खान पिता हसन को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को रीवा लाकर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया।

तीनों आरोपियों ने बुजुर्ग को कभी बैंक अधिकारी बनकर तो कभी पुलिस अधिकारी बनकर डराया। उससे 37 हजार रुपए लिए। और रुपयों के लिए परेशान किया, जिसके बाद बुजुर्ग ने आत्महत्या कर ली थी।

मामला 4 जुलाई का है। जब 65 वर्षीय बुजुर्ग ने साइबर ठगों से परेशान होकर 2 बोर बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या की। पुलिस को तीनों आरोपियों ने ठगी का पूरा तरीका बताया।

आरोपी जुबेर खान, यासीन मोहम्मद, शब्बीर खान ग्राम थाना घोड़ा, थाना किशनगढ़ बास, जिला खैरथल तिजारा, राजस्थान के रहने वाले हैं। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि सरोज दुबे से पुरानी नोट सिक्के खरीदने के नाम पर 37,000 रुपये की ठगी की।

ठगों की गैंग ने पुराने नोट और सिक्के खरीदने वाली संस्था बनकर बुजुर्ग से सम्पर्क किया है। आरोपियों ने पहले फोन पर बुजुर्ग से बातचीत की। उसे पुराने नोट और सिक्कों के फोटो व्हाट्सएप पर डालने को कहा।

उन्होंने कहा कि पुराने नोट और सिक्के के फोटो क्लिक कर डालिए, जिसके बाद हमारी टीम उन्हें कलेक्ट करने 24 से 48 घंटे के भीतर आपके घर पहुंचेगी। जिसके लिए उन्होंने बुजुर्ग को वॉट्सऐप पर एक पुलिस अधिकारी की फोटो वाला पोस्टर भेजा।

**पुराने नोट-सिक्कों की खरीदी करने वाला बताया:** इसमें एक शासकीय संस्था होने का दावा किया गया। जो कि पुराने सिक्के और नोट खरीदती है। जो सरकार के अंदर में काम करती है। जिसका नाम इंडियन ओल्ड कॉइन सेल कंपनी बताया गया। बुजुर्ग ने पुराने एक और पांच के नोट, सिक्के और कुछ दूसरे नोट भी इकट्ठे किए। सिक्कों को तो एक प्लेट पर सजाकर रखा। फिर उनकी फोटो क्लिक कर ठगों को भेजी। जिस पर एक ऑडियो के जरिए ठग का रिप्लाई आया और ठग ने कहा कि आपकी पुरानी नोट और सिक्के आगे की प्रक्रिया के लिए अप्रूव हो गए हैं। अब आपको 520 रुपए एक प्रक्रिया के लिए जमा करने पड़ेंगे। जिसमें से 20 रुपए चार्ज कट जायेंगें। जो रिफंड नहीं होंगे। जबकि बाकी के 500 रुपए जब हमारी टीम मौके पर कैश लेकर आपके घर पहुंचेगी। वो पैसा भी लौटा दिया जाएगा।

**आरोपियों ने बुजुर्ग से रुपए जमा कराए:** ठगों ने बुजुर्ग से कहा कि यह सब प्रक्रिया तभी सम्भव हो पाएगी। जब वे पहले 520 रुपए जमा करेंगे, जिसके लिए एक स्कैनर भेजा गया। ठगों ने शब्बीर लिखे एक स्कैनर में बुजुर्ग को पैसे भेजने के लिए कहा। बुजुर्ग ने झांसे में आकर 1 जुलाई की दोपहर पंकज कुमार सक्सेना के एयरटेल पेमेंट बैंक में जाकर 520 रुपए ट्रांसफर करवा दिए। जिसके बाद बदमाशों ने बुजुर्ग से उसकी फोटो, आधार कार्ड और पैन कार्ड की फोटो भेजने को कहा। थोड़ी ही देर में बुजुर्ग ने सब कुछ भेज दिया। जिसके बाद बदमाशों ने बुजुर्ग की फोटो लगा एक सर्टिफिकेट भेजा। जिसके जरिए बुजुर्ग को बताया गया कि आप ने जो पुरानी नोट और सिक्के भेजे हैं, उनके जरिए आप 65 लाख 75 हजार रुपए के हकदार बन गए हैं। यह पैसे 2 जुलाई को आप के घर डिलीवर कर दिए जाएंगे। दोपहर साढ़े 12 बजे पैसे की डिलीवरी हो जाएगी।

बुजुर्ग ने ठगों से पूछा कि क्या भरोसा कि पैसे मिलेंगे और आप कहां और किस कंपनी से हो। जिस पर ठगों ने उसे एक फर्जी आधार कार्ड और कथित ओल्ड कॉइन सेल डिपार्टमेंट का एक आईडी कार्ड भेजा। जिसमें ठग का नाम विवेकानंद शुक्ला और पता रहीमाबाद गोरखपुर लिखा हुआ था। फिर बदमाशों ने दो जुलाई को सुबह से ही बुजुर्ग पर पैसे ट्रांसफर करने के लिए दोबारा दबाव डाला। ठगों ने कहा कि अगर पैसे ट्रांसफर नहीं किए तो प्रक्रिया यहीं पर रोक दी जाएगी। बुजुर्ग से कहा कि दी जाने वाली राशि के लिए टैक्स और जीएसटी की राशि पहले ही जमा करनी पड़ेगी। जीएसटी चार्ज 17 हजार 500 रुपए और टैक्स अमाउंट 12 हजार 630 रुपए है।

लगातार आ रहे फोन के बाद बुजुर्ग ने एमपी ऑनलाइन में जाकर 2 जुलाई की दोपहर 12 बजकर 51 मिनट पर शब्बीर नाम के ठग के खाते में 7 हजार 120 रुपए ट्रांसफर किए। फिर 2 जुलाई को ही 1 बजकर 47 मिनट पर 12 हजार 630 रुपए, 2 जुलाई को 4 बजकर 35 मिनट पर 3 हजार रुपए, 2 जुलाई को 4 बजकर 11 मिनट पर 7 हजार रुपए, 2 जुलाई की रात 7 बजकर 51 मिनट पर 3500 रुपए, 2 जुलाई की रात 7 बजकर 52 मिनट पर 4 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

2 जुलाई को इतने अधिक पैसे का ट्रांजैक्शन इसलिए किया क्योंकि 2 जुलाई को उसे पैसों की डिलीवरी डेट बताई गई थी। ठग बार बार यह कह रहे थे कि हम ठग नहीं है। हम पर भरोसा करो। भगवान सभी को जीवन में एक ही बार मौका देता है। बार बार मौका नहीं देता। हम ठग नहीं हैं, भले ही आजकल ठगी भी हो रही हो लेकिन हम ईमानदारी से काम करते हैं।

3 जुलाई को ठग बुजुर्ग को लगातार फोन कर पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाते रहे। साथ में यह भी कहते रहे कि अगर और पैसे प्रक्रिया पूरी करने के लिए ट्रांसफर नहीं किए तो पुराने पैसे भी रिफंड नहीं होंगे। जिसकी वजह से 3 जुलाई को बुजुर्ग बुरी तरह से तनाव में आ गया। इसके बाद बदमाशों ने बुजुर्ग को पैसों से भरे बैग का एक वीडियो भेजा जिसमें पैसे ही पैसे थे। 500 की नोटों के बंडल भरे पड़े थे। बैकग्राउंड में एक बदमाश कहता हुआ नजर आया कि यह सारे पैसे आपके हैं, जो तैयार किए जा रहे हैं, प्रक्रिया जल्दी पूरी करिए नहीं तो जो है उससे भी हाथ धो बैठेंगे। बुजुर्ग ने 3 जुलाई को भी रिश्तेदारों और दोस्तों से पैसे लेकर ठगों को ट्रांसफर किए ताकि उसके बाकी के पैसे मिल सकें। लगातार ठग उन्हें फोन करते रहे और धमकाते रहे कि अगर बाकी के पैसे नहीं दिए तो दिए गए पैसे डूब जाएंगे और फिर कभी नहीं मिल पाएंगे।

मृतक की पत्नी निर्मला दुबे ने बताया कि मेरे पति के मरने के बाद भी आरोपी ठग लगातार कॉल करते रहे। वो मुझसे भी पैसों की डिमांड करते रहे। मैंने उनसे कहा कि अब तो शर्म करो तुम्हारी वजह से मेरी पति की मौत हो गई। जिसके बाद पूरे मामले की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश में रीवा से टीम रवाना की।

## सतना मेयर की फैक्ट्री पर 65 लाख का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया

### निर्वाचन रद्द करने की मांग



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में मेयर योगेश ताम्रकार और पार्षद गोपी गेलानी के खिलाफ प्रॉपर्टी टैक्स बकाया मामले में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश प्रत्युष चतुर्वेदी की अदालत में परिवाद दर्ज किया गया है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने मंगलवार को यह परिवाद दायर कर मेयर और पार्षद के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है।

परिवाद के अनुसार, मेयर योगेश ताम्रकार की विंध्या सेरेमिक्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री, जो शहर के इंडस्ट्रियल एरिया में भवन क्रमांक 511 में स्थित है, पर लगभग 65 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। नगर निगम ने 26 मार्च 2016 को मेयर सहित 30 भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया था, जिसमें उस समय फैक्ट्री पर 21 लाख 60 हजार 725 रुपये का टैक्स बकाया था। याचिकाकर्ता के वकील नरेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धारा 26 के तहत, यदि कोई जनप्रतिनिधि निर्वाचित होने के 3 महीने के भीतर बकाया टैक्स का भुगतान नहीं करता, तो वह अपने पद के लिए अयोग्य हो जाता है। मेयर और पार्षद पर बकाया राशि, जो कथित तौर पर करोड़ों में है, निर्वाचन के करीब 3 वर्ष बाद भी जमा नहीं की गई है।

2016 में नगर निगम की नोटिस के खिलाफ मेयर और अन्य बकायादारों ने प्रथम अपर जिला न्यायाधीश के समक्ष याचिका दायर की थी। अदालत ने 2011 के बाद का प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने का आदेश दिया और 1997 से 2011 तक के टैक्स के लिए पुनरीक्षण की राहत दी। इसके खिलाफ मेयर ने हाईकोर्ट में अपील की, जहाँ उन्हें स्टे मिल गया। हालांकि, 28 मई 2024 को मेयर ने अपनी याचिका वापस ले ली।

जिलाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने आरोप लगाया कि मेयर और पार्षद ने नियमों का उल्लंघन किया है, जिसके आधार पर उनके निर्वाचन को रद्द किया जाना चाहिए। इस मामले ने सतना की राजनीति में हलचल मचा दी है, और कोर्ट के फैसले पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## हत्या के प्रयास का 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह के निर्देशन में अमहिया पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार 5000 रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नगर पुलिस अधीक्षक-1 श्रीमती डॉ. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उपनिरीक्षक शिवा अग्रवाल और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की।

घटना 27 मई 2025 को रात लोटस टावर के सामने मेन रोड, खुटेही, रीवा में हुई थी। फरियादी दीपक पाण्डेय (28 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 11, सिरमौर, रीवा पर अंकुल तिवारी और अन्य आरोपियों ने लोहे की रॉड और बेल्ट से मारपीट की थी, जिससे वह बेहोश हो गए। हमलावर मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में थाना अमहिया में अपराध क्रमांक 153/25, धारा 296(2), 109(1), 115(2), 351(2), और 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की और अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान मुख्य आरोपी अंकुल तिवारी (19 वर्ष), पुत्र कौशलेश तिवारी, निवासी ग्राम बगदरा, थाना सगरा, जिला रीवा को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## डाइट सतना में शिक्षिका नीलम मिश्रा के नाम नोटिस जारी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना डाइट में ड्रेस खरीदी को लेकर विवाद सामने आया है। संस्थान की शिक्षिका नीलम मिश्रा ने नए छात्रों को दुकान के विजिटिंग कार्ड बांटे और वहीं से ड्रेस खरीदने का दबाव बनाया।

आरोप है की छात्रों को गंगा फैंसी क्लाथ स्टोर्स, सिटी कोतवाली चौक की दुकान के कार्ड दिए गए। इन कार्ड पर अंग्रेजी में 'डाइट सतना' भी लिखा हुआ था। डीएलएड के नए छात्रों को 20 जुलाई तक नई ड्रेस पहनकर आने के निर्देश दिए गए थे।

इस मामले में करीब 28 छात्रों ने प्राचार्य को लिखित शिकायत की है। छात्रों का कहना है कि प्रवेश के समय उन्हें एक विशेष दुकान से ही ड्रेस खरीदने को कहा गया। डाइट प्राचार्य सच्चिदानंद पांडेय ने शिकायत के बाद समिति के अध्यक्ष के नाम नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बता दें कि डाइट की प्रवेश समिति में 4 सदस्य हैं, जिनमें से एक नीलम मिश्रा है।

## नशीली कफ सिरप के साथ महिला गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सिविल लाइन पुलिस ने नशीली कफ सिरप की अवैध बिक्री के मामले में एक महिला को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। महिला के कब्जे से 212 शीशियां नशीली कफ सिरप बरामद की गई हैं। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।पुलिस को गश्त के दौरान एक महिला के संदिग्ध व्यवहार पर शक हुआ, जो सफेद रंग की बोरी में कुछ सामान ले जा रही थी। तलाशी लेने पर बोरी में नशीली कफ सिरप की शीशियां मिलीं। पूछताछ में महिला ने अपना नाम झल्लू लोनिया (50 वर्ष), पति दिलीप लोनिया, निवासी कबाड़ी मोहल्ला, रीवा बताया। महिला ने पूछताछ में नशे की खेप की आपूर्ति करने वाले के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी है।

पुलिस ने बरामद सिरप को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सिरमौर जनपद पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ कलेक्टर के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव

### लगाए गंभीर आरोप, 19 सदस्यों ने लगाए वित्तीय अनियमितता और 10% कमीशन मांगने के आरोप



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के सिरमौर जनपद पंचायत में लंबे समय से चल रहे विवाद अब चरम पर पहुँच गए हैं, और तख्ता पलट की स्थिति बन चुकी है। जनपद पंचायत के 25 में से 19 सदस्यों ने कलेक्टर के समक्ष अध्यक्ष रबीना साकेत के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। सदस्यों ने अध्यक्ष पर वित्तीय अनियमितता, कदाचरण, दुर्व्यवहार और हर कार्य के लिए 10% कमीशन मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। इसके साथ ही, पंचायती राज अधिनियम के विपरीत कार्य करने का भी आरोप है।

जनपद सदस्य रामलाल ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में अध्यक्ष ने जनपद निधि का आवंटन नहीं किया, जिसके कारण सदस्य अपने क्षेत्रों में विकास कार्य नहीं कर पाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष कुछ सरपंचों से कमीशन लेकर कार्य करते हैं, लेकिन निर्वाचित सदस्यों की मांगों को अनसुना करते हैं। इसके अलावा, हैंडपंप जैसे बुनियादी कार्यों के लिए भी कर्मचारी नहीं भेजे जाते, जिससे जनता को परेशानी हो रही है। यह भी बताया कि 14 फरवरी को आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में महिला सदस्यों को मंच पर बैठने की व्यवस्था तक नहीं दी गई, जिससे नाराजगी और बढ़ी।

सदस्यों ने यह भी खुलासा किया कि अध्यक्षी का संचालन रबीना साकेत के बजाय रविराज विश्वकर्मा द्वारा किया जा रहा है, जिसे वे अनुचित मानते हैं। अविश्वास प्रस्ताव के बाद तीन महिला दावेदार- मुन्नी, सावित्री साकेत और श्याम कली साकेत- अध्यक्ष पद के लिए सामने आई हैं। इन दावेदारों ने कहा कि वे सभी सदस्यों के साथ मिलकर पारदर्शी तरीके से जनपद का विकास करेंगी और भ्रष्टाचार को खत्म करेंगी।

मुन्नी ने कहा, "हम सभी सदस्य मिलकर काम करेंगे, कोई भेदभाव नहीं होगा।" सावित्री साकेत ने जोर देकर कहा कि वे सभी के सहयोग से विकास कार्य करेंगी, जबकि श्याम कली साकेत ने भ्रष्टाचार को खत्म करने और जनपद के विकास पर ध्यान देने का वादा किया।

19 सदस्यों के समर्थन के साथ अविश्वास प्रस्ताव के बाद यह माना जा रहा है कि सिरमौर जनपद पंचायत में तख्ता पलट लगभग निश्चित है। इस घटनाक्रम ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है, और माना जा रहा है कि इस विवाद में दो बड़े जनप्रतिनिधियों की प्रतिष्ठा भी दाँव पर लगी है। जिला प्रशासन अब इस प्रस्ताव पर नियमानुसार कार्रवाई करेगा, जिसमें विशेष सभा बुलाकर मतदान की प्रक्रिया हो सकती है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।